तापमान

अधिकतम 32.6 डिग्री

न्यूनतम 26.5 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 26 जुलाई 2026




स्मार्ट रोड पर बनाया जा रहा गार्डन।



## खबर संक्षेप

### सहायक ग्रंथपाल प्रारंभिक परीक्षा आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा आयोजित सहायक ग्रंथपाल प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन 26 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक होगी। रविवार को दो परीक्षा होगी। परीक्षा का आयोजन बिलासपुर के 76 एवं 6 परीक्षा केंद्रों में किया जा रहा है। उक्त अवसर पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात प्रबंध व्यवस्था बनाए रखने सभी जगह पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उक्त परीक्षा के दौरान जिला बिलासपुर सहित अन्य जिलों के सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों का शहर के विभिन्न मार्गों से परीक्षा केंद्रों में आगमन होगा। उक्त आयोजन विभिन्न परीक्षा केंद्रों में संचालित होगी। शहर में सभी दिशाओं से भारी वाहनों का नो एंट्री लगाई गई है साथ ही सभी प्रमुख मार्गों में यातायात एवं पुलिस के बल पर्याप्त मात्रा में लगाई गई है ताकि यातायात दबाव वाले मार्ग में आवश्यकता अनुसार मार्ग को परिवर्तित (डायवर्ट) किया जा सके।

### खिली धूप, बढ़ा तापमान शाम को बदला मौसम

**बिलासपुर।** एक हफ्ते के बाद सूरज की दस्तक के साथ धूप खिली रही, इस दौरान तापमान भी 32.6 डिग्री पहुंच गया और लोगों को उमस से परेशान होना पड़ा, हालांकि मौसम जानकारों के मुताबिक मानसून की सक्रियता बनी हुई है, बंगाल की खाड़ी और आसपास के क्षेत्रों में एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। धूप निकलते ही उमस लोगों का पसीना निकाल रही है, बारिश थमने के बाद जहां पानी से थोड़ी बहुत राहत मिली है, शनिवार को सुबह से ही धूप निकली। दिन भर बादलों की आवाजाही जारी रही है। मौसम विभाग के अनुसार सिनोप्टिक सिस्टम के मुताबिक मानसून द्रोणिका जैसलमेर, दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों में बने कम दबाव के केंद्र, कोटा, गुना, सीधी, डाल्टनगंज से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक गुजर रही है।

# भुगतान में देरी पर भिलाई की ठेका कंपनी ने निगम से सवा करोड़ ब्याज मांगा

- शायद पहला मामला होगा जब निगम को ही ठेकेदार को ब्याज और पेनाल्टी की राशि देनी पड़ रही
- अशोक नगर में 1232 आवास बनाने का ठेका मेसर्स बीएसबीके प्रा.लि. को 62 करोड़ में ठेका मिला था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**अलग खबर**

आमतौर पर काम में देरी के मामले में ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाकर निगम द्वारा वसूली की जाती है लेकिन यह शायद पहला मामला होगा जब निगम को ही ठेकेदार को ब्याज और पेनाल्टी की राशि देनी पड़ रही है।

भिलाई की कंपनी मेसर्स बीएसबीके प्रा.लि. को एक करोड़ 24 लाख रुपए ब्याज की राशि निगम द्वारा दिया जा रहा है। क्यों दिया जा रहा क्योंकि निगम ने सिक्यूरिटी डिपोजिट, तथा परफॉर्मेंस गारंटी की राशि ठेकेदार को समय पर नहीं दी। अब इसमें भी बात यह है कि आखिर जब राशि देनी ही थी तो देरी से क्यों दी गई। इसका जवाब किसी अधिकारी के पास नहीं है और कहा जा रहा है की सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ऐसा किया जा रहा है।

देखा जाए तो यह निगम के अधिकारियों की लापरवाही और ठेका कंपनी से मिलीभगत का सबसे शानदार उदाहरण है। दरअसल मार्च 2017 में अशोक नगर में 1232 आवास (जी3) बनाने का ठेका मेसर्स बीएसबीके प्रा.लि. को दिया गया था। कुल 62 करोड़ का यह काम 24 महीने में पूरा करना था। यह काम लेकिन देरी से पूरा हुआ। इसके बाद सिक्यूरिटी डिपोजिट, तथा परफॉर्मेंस गारंटी मिलाकर कुल 4 करोड़ 92 लाख 72 हजार ठेकेदार को वापस कर दिया गया। ठेकेदार ने लेकिन देर से दोनों राशि वापसी पर 6 प्रतिशत ब्याज मांगा। सुप्रीम कोर्ट ने कुल एक करोड़ 24,24,108 रुपए राशि देने का आदेश दिया है। इसी को लेकर बवाल मचा हुआ है।

### 6 साल पहले बने मकान हो रहे जर्जर

दरअसल अशोक नगर में झुग्गीवासियों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 62 करोड रुपए की लागत से 1232 पक्के मकान बनाए गए हैं। कॉलोनी के अंदर कंक्रीट रोड, स्ट्रीट लाइट, मकानों में खिड़की, दरवाजे और बिजली जैसी सभी सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। लेकिन 6 साल पहले बने इन मकानों का अब तक आवंटन नहीं हो सका हैं। इधर, मकानों का आवंटन नहीं होने के कारण इनकी देख रेख सही ढंग से नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से मकान अब खस्ताहाल होने लगे हैं। खिड़की, दरवाजे टूट रहे हैं। वही कुछ मकानों में नशेड़ियों ने अड्डा जमाकर रख लिया है।

### 13 हजार झुग्गीवासियों को पक्के मकान का लक्ष्य

गौरतलब है कि 2022 तक शहर में करीब 13000 झुग्गी वासियों के लिए पक्के मकान बनाने का लक्ष्य रखा गया था जो कि अधूरा है। केंद्र और राज्य सरकार की स्वीकृति भी मिल चुकी है लेकिन इसका 50 फ़ीसदी काम अब भी अधूरा है। प्रत्येक मकान में केंद्र सरकार के डेढ़ लाख, राज्य सरकार का ढाई लाख और लाभार्थी का अंश 75 हजार है। जिसमें दो कमरे, लेट-बाथ और किचन युक्त पक्के मकान की लागत 4.75 लाख रुपए है। बिजली पानी सड़क की व्यवस्था भी इसमें शामिल है।

### ब्याज की राशि देने का फैसला


सुप्रीम कोर्ट के आदेश के हिसाब से ठेका कंपनी को ब्याज की राशि दिए जाने का फैसला लिया गया है। यदि यह राशि समय पर नहीं दी जाएगी तो हर महीने 200000 अलग से देना पड़ेगा।

**- पूजा विधानी**
महापौर बिलासपुर

## मलेरिया अपडेट : कोटा क्षेत्र के कई गांवों में टीमों को लगाया गया

# 3 दिन में 12 मरीज मिले, 1180 घरों तक पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



स्वास्थ्य विभाग की लाख कोशिशों के बावजूद कोटा क्षेत्र में लगातार मलेरिया के मरीज मिल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने जांच का दायरा बढ़ाया है, अब तक 12 सौ से अधिक घरों तक टीम पहुंच चुकी है। शनिवार को भी केंदा, विचारपुर, औरापानी व नवाडीह से 4 मरीज मिले हैं। जुलाई माह में ही 12 मरीज मिल चुके हैं, जबकि पिछले छ माह में 18 मरीज मिले थे।

कोटा क्षेत्र में मलेरिया की बढ़ी वजह जंगली इलाका है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की टीम भी पूरे साल भर इन गांवों में नहीं पहुंच पाती है। बारिश के शुरूआत के साथ ही मलेरिया जैसी बीमारियां यहां आम बात हो जाती है, लेकिन पिछले कुछ सालों से मलेरिया के कारण कई लोगों को जान तक गंवानी पड़ी है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के 70 से अधिक गांव मलेरिया के लिए संवेदनशील है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की टीम अब जांच का दायरा बढ़ा चुकी है। विभाग द्वारा केंदा, विचारपुर, औरापानी, नवाडीह के 1200 घरों तक पहुंची है, पिछले 3 दिन में 12 मरीज मिल चुके हैं। जिसमें 3 वर्ष की बच्ची के साथ ही 12 मरीज शामिल है। बताया जा रहा है कि इसमें से 9 बच्चों का इलाज सिम्स में जारी है, वहीं दो पुरूष को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गनियारी में भर्ती किया गया है।




हरिभूमि में 24 जुलाई को प्रकाशित खबर।




हरिभूमि में 25 जुलाई को प्रकाशित खबर।

### किया जा रहा है इलाज

शनिवार को स्वास्थ्य की टीम अन्य गांवों में भी जांच कर चुकी है। शनिवार को 4 अन्य मरीज सामने आए हैं। सभी का इलाज किया जा रहा है। टीम स्वास्थ्य शिविर लगाकर लक्षण के आधार पर इलाज कर रही है।

**- डॉ शुभा गरेवाल**
सीएमएचओ
स्वास्थ्य विभाग

### जागरूकता में जुटा स्वास्थ्य विभाग

खास बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग ना तो मेडिकेटेड मच्छरदानी बांट चुका है और ना ही मच्छरों के लावा को रोकने की कोई खास योजना है। स्वास्थ्य कर्मचारी गांवों में जागरूकता फैला कर मलेरिया रोकने का प्रयास कर रहे है, जबकि हर साल यहां मलेरिया से मौत होती है।

# बाजार में करेला खरीद रहा था युवक, सांप ने डसा, मची भगदड़



युवक सिम्स में भर्ती



नेहरू नगर स्थित साप्ताहिक बाजार में उस से भगदड़ मच गई जब करेला खरीदते समय एक व्यक्ति को सांप ने डस लिया, जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने पीड़ित युवक को सिम्स में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज जारी है।



**बिलासपुर।** जानकारी के अनुसार बहतराई निवासी बिहारी साहू पिता हीरा साहू किसी काम से मुंगेली नाका गया था, इस दौरान वह हाथ में झोला लेकर गणेश चौक स्थित साप्ताहिक बाजार गया और सब्जी लेने लगा। वह एक दुकान में करेला छांट रहा था, तभी करेले के बीच से एक जहरीला सांप फन फैलाए बाहर आ गया और फुफकारने लगा, जब तक वह कुछ समझ पाता तब तक सांप ने उसके बांए हाथ की उंगली को डस लिया। युवक को सांप के डसने से बाजार में भगदड़ मच गई। लोग बचने के लिए भागने लगे। इस बीच कुछ लोग पीड़ित युवक को सिम्स ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है।


पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि द्वारा आयोजित

व्यापार एवं उद्योग मेला के अवसर पर

रंगोली सजाओ प्रतियोगिता | मेंहदी लगाओ प्रतियोगिता

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

का पुरस्कार वितरण समारोह

सोमवार, दिनांक - 27 जुलाई 2026

समय - दोपहर 1 बजे

स्थान - हरिभूमि कार्यालय

गौरव पथ, रिंग रोड नं. 2, बिलासपुर (छ.ग.)

रंगोली सजाओ प्रतियोगता, मेंहदी लगाओ प्रतियोगिता, महिला दिवस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को परिचय पत्र की फोटो कॉपी जमा करना अनिवार्य है।


# स्कूलों में आवारा कुत्तों का रखना होगा हिसाब

- बीईओ और डीईओ पोर्टल में गिनती करेंगे अपलोड

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर शिक्षा विभाग ने नई व्यवस्था लागू की है। अब जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) और विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को सिर्फ शैक्षणिक गतिविधियों की ही नहीं, बल्कि सरकारी और निजी स्कूलों में आवारा कुत्तों से बचाव के लिए किए जा रहे प्रबंधों की भी नियमित निगरानी करनी होगी। इसके साथ ही हर महीने इन व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) को भेजनी होगी। अब डीईओ और बीईओ को सरकारी व निजी स्कूलों में आवारा कुत्तों से बचाव की व्यवस्था, बाउंड्रीवॉल, फर्स्ट एड बॉक्स और जागरूकता गतिविधियों की जानकारी हर महीने एसएएमआईएस पोर्टल पर अपलोड भी करनी होगी।

डीपीआई ने सभी जिलों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि स्कूल परिसरों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई व्यवस्थाओं का नियमित मूल्यांकन किया जाएगा। इसके लिए सभी अधिकारियों को जुलाई के अंत तक अपने लॉगिन आईडी के माध्यम से एसएएमआईएस यानी आवारा पशु निगरानी एवं सूचना प्रणाली पोर्टल पर निर्धारित सभी बिंदुओं की जानकारी दर्ज करनी होगी।

### सरकारी और निजी दोनों स्कूल होंगे दायरे में

अधिकारियों के मुताबिक यह व्यवस्था केवल सरकारी स्कूलों तक सीमित नहीं रहेगी। निजी स्कूलों को भी इस निगरानी प्रणाली के दायरे में रखा गया है। डीईओ और बीईओ को क्षेत्र के सभी स्कूलों में जाकर यह सुनिश्चित करना होगा कि बच्चों को आवारा कुत्तों से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक उपाय किए गए हैं या नहीं। पोर्टल पर स्कूलों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां अपलोड करनी होंगी।

### जागरूकता कार्यक्रमों का भी देना होगा ब्यौरा

डीपीआई ने केवल निगरानी तक ही जिम्मेदारी सीमित नहीं रखी है। अधिकारियों को यह भी बताना होगा कि स्कूलों में फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध है या नहीं। सेमिस पोर्टल पर नगरीय प्रशासन विभाग की हेल्पलाइन 'निदान 1100' के माध्यम से प्राप्त शिकायतों और उन पर की गई कार्रवाई का पूरा रिकॉर्ड भी अपलोड करना होगा। कितनी शिकायतें मिलीं, उनका कितनी जल्दी निराकरण हुआ।

### बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाई गई नई व्यवस्था

शिक्षा विभाग का मानना है कि स्कूलों के आसपास आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या को देखते हुए बच्चों की सुरक्षा के लिए नियमित निगरानी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किया गया है, ताकि सभी स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था की समय-समय पर समीक्षा हो सके और किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके। नई व्यवस्था के लागू होने के बाद डीईओ और बीईओ की जिम्मेदारियां और बढ़ जाएंगी। अब उन्हें शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ स्कूल परिसरों की सुरक्षा से जुड़े इन पहलुओं पर भी लगातार नजर रखनी होगी और हर महीने इसकी ऑनलाइन रिपोर्ट डीपीआई को भेजनी होगी।


MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में पेट सम्बंधित सभी समस्याओं का अत्याधुनिक इलाज।

एक्सीलेंट गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी सर्विसेस:
- गैस, एसिडिटी, अपच एवं खट्टी डकार
- छाती में जलन
- पेट दर्द एवं सूजन
- कब्ज, दस्त एवं दस्त में खून
- उल्टी, हिचकी एवं खून की उल्टी
- खाना निगलने में परेशानी एवं आहार नली की समस्याएँ
- कभी भी निगली गई वस्तु (Foreign Body) का उपचार
- फैटी लिवर, हेपेटाइटिस (B/C), पीलिया एवं लिवर सिरोसिस
- अल्सर एवं GERD (Acidity/Reflux)
- IBS (इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम)
- पेट की टी.बी. एवं पेट में पानी
- अग्न्याशय (Pancreas) के रोगों का उपचार
- पेट, आंत एवं लिवर के रोगों का विशेषज्ञ उपचार
- एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी की सुविधा
- दूरबीन द्वारा पेट एवं आँत की आधुनिक जाँच





DR. MANISH KUMAR NAYAK
MBBS, MD, DRNB,
CONSULTANT GASTROENTEROLOGIST & HEPATOLOGIST

विशेषताएँ:
✔ अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
✔ आधुनिक एंडोस्कोपी सुविधा
✔ सटीक जाँच एवं प्रभावी उपचार
✔ लिवर एवं पाचन रोगों की सम्पूर्ण देखभाल

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com

AdPRAYAS


Paper Jab Tough Hoga
SELECTION KA NUMBER और जबरदस्त HOGA
OUR TOPPERS ➔ NEET (UG) 2026
ANSHIKA AGRAWAL 563/720 GENERAL RANK 10177
ADITYA SINGH RAJPOOT 563/720 GENERAL RANK 10098
TAASHU TAANK 564/720 GENERAL RANK 9895
SHUVAM SUBASISH 590/720 GENERAL RANK 5452
BHAVYA MISHRA 606/720 GENERAL RANK 3474
RAGHAV SINGH CHANDEL 632/720 GENERAL RANK 1600
AKSHAT TIWARI 592/720 EWS RANK 1463
UTKARSH VAISHNAV 576/720 Cat. RANK 9589
15030 SHIVENDRA KUMAR 558/720
20194 SUJAL PATEL 545/720
1188 ANKIT TANDON 544/720
16519 ARSH SHARMA 538/720
24403 VISHWAJEET SHRIVAS 536/720
1514 ARMAN OGREY 535/720
1718 DIPALI LAHARE 530/720
27467 SAHIL KUMAR KASHYAP 530/720
28494 DHEERAJ KASHYAP 528/720
32236 LAKESHWAR SAO 521/720
32975 VIKASH RATHORE 519/720
23080 MANSI CHANDWANI 517/720
23912 SONAL KUMAR 515/720
24340 SEJAL THAWRANI 514/720
36271 MUSKAN CHOUKSEY 514/720
35806 PADMANABH SAHU 514/720
36517 VISHNU NISHAD 513/720
37748 KANHA SAHU 511/720
25313 PRINCE SINGH 511/720
39042 SHRADDHA SONI 509/720
1040 AARCHI RAHI 493/720
34108 KRISHNA PURWANI 489/720
52620 PRAGATI CHANDRAKAR 488/720
34192 SUBHIKSHA AGRAWAL 488/720
4769 RENUKA BARMA 488/720
14348 ADITYA SINGH 482/720
36772 ANUSHKA PRASHANT BARPANDE 482/720
62076 HARSH 475/720
63420 SWATI PATEL
6626 ADARSH CHOUDHARY
63493 AARTI SAHU
7071 AYUSH SINGH JANHVI
2147 AMAN AGARIYA
5083 MAKHAN SINGH KHADIYA
7041 VAISHNAVI
7124 ARYAN MARKAM
9613 NISCHAL MERSA
9700 TULSI RATHIA
9852 SULENDRA PAIKRA
12092 GIRIJA RATHIA
13288 PRERNA EKKA
13715 KAMESHWAR MARAVI
14110 KOMAL PAIKRA
14141 HARSHITA MAHLA
16003 VAIBHAV RAO
16183 MANASI
16219 POONAM DHURWE
16476 PANKAJ KUMAR SARWAY
18916 SMRITI KACHCHHAP
19791 ANURAG DINKAR
20348 PRAVEEN GHRITLAHARE
21995 KHWAYESH GHRITLAHARE
23623 PAYAL TOPPO
24164 AVINASH BHAGAT
24284 HIMANSHU DINKER
24423 POISHA BANJARE
26542 ANUSHKA DHANSON
33809 ANNPOORNA GHRITLAHARE
42420 HARSH DAHARIYA
52992 DAMINI BANJARE
55343 RIMI
59145 ANKIT NIRALA
62294 CHITRESH BANJARE
67035 LUCKY MEHRA
72479 PANKAJ KUMAR JANGDE
75495 VIDHI MANHAR
80674 POOJA
& MANY MORE.....
120+ ACHARIANS ARE GOING TO BECOME DOCTORS!
*Calculated as per previous cut-off in all categories & Streams*
DROPPER'S 2026-27 NEW BATCH 29th JULY
ADMISSION OPEN
Special ACHIEVERS BATCH
MINIMUM FEES FOR 400+ SCORING STUDENT
Batch Starting 6th AUGUST 2026
For More Details Contact: 7225007662
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ACHARYA INSTITUTE
A Promise beyond excellence
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
9109492226
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTAGRAM
ADMISSION START
FOR ADMISSION

# हरिभूमि लाइव


बिलासपुर, रविवार 26 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




# आषाढ़ी एकादशी पर निकली दिण्डी यात्रा, खाटू श्याम में भव्य श्रृंगार




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस वर्ष भी श्रीराम मंदिर समिति तिलकनगर में शनिवार को आषाढ़ी एकादशी पर भगवान श्री की पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी नगर भ्रमण करते हुए प्रमुख मार्गो के मंदिरों को दर्शन देकर पुनः राम मंदिर पहुंची। पालकी यात्रा प्रारंभ होकर देहनकर बाड़ा, हनुमान मंदिर, विठ्ठल मंदिर से मेन रोड होते हुए व्यंकटेश मंदिर,लक्ष्मीनारायण मंदिर, सीताराम मंदिर, राजाराम मंदिर गोड़पारा, पचरीघाट, शनिचरी पड़ाव से जगन्नाथ मंदिर, सावजी जूना बिलासपुर से मुख्य मार्ग होते हुए मां काली मंदिर, घोंघा बाबा मंदिर से दर्शन देते हुए पुनः श्रीराम मंदिर आई। इसके पश्चात आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। घोंघा बाबा मंदिर परिसर में श्री खाटू श्याम भगवान का आकर्षक फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर प्रातः निशान यात्रा भी श्री राम मंदिर तिलक नगर से निकाली गई, संध्या को महाआरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

## श्रीराम मंदिर व खाटू श्याम में भक्तों ने किया पूजन







### श्री सुमुख गणेश मंदिर में अन्नदान आज

सुमुख गणेश मंदिर में रविवार को अन्नदान का कार्यक्रम रखा गया है, इस दिन सुबह 7:30 से 8 बजे तक अभिषेक सुबह 8 से 8:30 बजे तक अलंकार सुबह 08:30 से 9 बजे तक सहस्त्रनाम अर्चना , आरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। सुबह 10 बजे से 12 बजे तक शिव शक्ति महिला सदन नारियल कोठी , दयालबंद के द्वारा सुंदरकांड एवं सुमधुर भक्ति भजन प्रस्तुत किया जाएगा दोपहर 12 से 3 बजे तक भोजन प्रसाद का वितरण किया जाएगा भक्तजनों से अपील की जाती है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए शाम को 5 से 6 बजे तक प्रदोष पूजा में भगवान शिव जी की अभिषेक, अलंकार, सहस्त्रनाम अर्चना व आरती कर प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

आयोजन

## आशीष गुरुकुल लिंगियाडीह में 'ज्ञान दीक्षा कार्यक्रम'



**बिलासपुर।** आशीष गुरुकुल लिंगियाडीह में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों के सिंचन और ज्ञानार्जन के पावन उद्देश्य से ज्ञान दीक्षा कार्यक्रम' संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल लिंगियाडीह के प्राचार्य मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में ज्ञान दीक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी।

जागरूकता

## लायंस क्लब वसुंधरा ने किया पौधरोपण



**बिलासपुर।** डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट एनवायरनमेंट के अंतर्गत एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर वसुंधरा क्लब ने सरकंडा सोनगंगा कॉलोनी में स्थित तालाब के किनारे पौधा रोपण किया। जिसमें आम बरगद रजनीगंधा पारिजात के पौधे लगाए गए, तालाब के किनारे पौधारोपण किया गया ताकि पौधा रोपण के साथ-साथ जल संरक्षण एवं पौधों की उचित रूप से देख देख हो सके। 10 छायादार फलदार एवं फूलों के पौधे वसुंधरा क्लब के द्वारा रोपे गए इसके अलावा भी यह निश्चय किया गया की बारिश के दिनों में ऐसे आसपास के क्षेत्र में बरगद पीपल और आंवला के पौधे रोपे जाएंगे जो की धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजनीय भी माने जाते हैं।

शिविर

## स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने उठाया लाभ, दवाइयों का किया गया वितरण




**बिलासपुर।** आयुष विभाग द्वारा गौ सम्मान आह्वान अभियान के तत्वधान में निशुल्क होम्योपैथी, आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन बृहस्पति बाजार में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान गाय माता की सेवा, सुरक्षा और संरक्षण के लिए जन जागरूकता और जन सहयोग को घर-घर तक पहुँचाया गया। ताकि समाज में गौ सेवा के प्रति निष्ठा और जिम्मेदारी बढ़ सके साथ में शिविर में मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय एवं रोगों की जांच कर निशुल्क औषधि वितरण किया गया। शिविर में डॉ ओंकार सिंह, राजपूत डॉ रुक्मणी कुर्रे, डॉ श्रुति उपस्थिति थी।

आयोजन

## कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों शिक्षक का युवाओं के नाम संदेश




**बिलासपुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारतीय सेना के पूर्व सैनिक, शिक्षक एवं पूर्व सैनिक एकता एवं कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सोनी ने देशवासियों, विशेषकर युवाओं को राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान उन्हें भारतीय सेना के साथ कारगिल क्षेत्र में देश की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। युद्ध की कठिन परिस्थितियों में उन्होंने अपने साथियों का अदम्य साहस, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण को निकट से देखा। कारगिल विजय केवल सेना की जीत नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के अटूट संकल्प और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा पहले हाथों में बंदूक थी, आज हाथों में कलम है,तब मैं देश की सीमाओं की रक्षा करता था, आज शिक्षक बनकर देश के भविष्य का निर्माण कर रहा हूँ। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें, अनुशासन, ईमानदारी और सेवा की भावना को अपने जीवन का आधार बनाएं तथा देश की उन्नति में सक्रिय योगदान दें। सीमा पर बंदूक से देश सुरक्षित होता है, विद्यालय में कलम से देश का भविष्य सुरक्षित होता है।

## शहर की एंजेल चौकसे बनीं मिसेज इंडिया



### परिवार के सहयोग से किया मुकाम हासिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की एंजेल चौकसे ने मिसेज इंडिया इंटरनेशनल क्वीन अल्लूरिंग 2026 का खिताब जीतकर पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, पति और परिजनों के लगातार मिले सहयोग, विश्वास और त्याग को दिया।

एंजेल ने बताया कि यह ताज सिर्फ उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे बिलासपुर और छत्तीसगढ़ का सम्मान है, एंजेल चौकसे ने कहा कि सपनों की कोई उम्र नहीं होती। उन्होंने सभी महिलाओं और बेटियों से अपने सपनों पर विश्वास रखने और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत, जुनून और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की अपील की। इन्होंने बताया कि दिल्ली के होटल लीला इंटरनेशनल में आयोजित प्रतिष्ठित मिसेज इंडिया इंटरनेशनल क्वीन प्रतियोगिता में देश-विदेश की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। एंजेल चौकसे ने सभी चरणों को सफलतापूर्वक पार करते हुए फाइनल में जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि वर्षों से देखे गए सपने को साकार करने का क्षण था।

एंजेल ने बताया कि उनके पति रितेश चौकसे व्यापारी है और उनकी 21 वर्ष की एक बेटी है जो एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। माता-पिता और सास-ससुर सभी एक संयुक्त परिवार में साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि परिवार ने कभी उनके सपनों को रुकने नहीं दिया और हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया। इसी विश्वास ने उन्हें दोबारा अपने सपनों को जीने की ताकत दी। एंजेल की रुचि शुरू से ही फैशन और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट में रही है। होम साइंस की पढ़ाई के दौरान उन्होंने कॉलेज की ब्यूटी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था, जहां उन्हें 'मिस होम साइंस' का खिताब मिला। यहीं से उन्होंने इस क्षेत्र में आगे बढ़ने और बड़ा मुकाम हासिल करने का सपना देखा।

### फिटनेस और मानसिक मजबूती से पाया मुकाम

इन्होंने बताया कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, कैटवॉक, ग्रूमिंग, पब्लिक स्पीकिंग और व्यक्तित्व विकास पर लगातार मेहनत करती रही। पॉजिटीव थींकिंग और स्ट्रॉंग विल पॉवर से इस मुकाम को हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में भारत के अलावा सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, कतर, अमेरिका और लंदन से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पांच दिनों तक चली प्रतियोगिता में कैटवॉक, टैलेंट राउंड, इंट्रोडक्शन, प्रश्नोत्तर, ग्रूमिंग व पर्सनैलिटी असेसमेंट जैसे कई चुनौतीपूर्ण चरण हुए।

## मौसी के घर मां सतबहनियां से शिव मंदिर लौटे जगन्नाथ स्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



कुदुदण्ड चांदनी चौक में स्थित मां सतबहनियां मंदिर में मौसी के यहां विश्राम के बाद भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा और बलभद्र भैया की बाहुड़ा रथ यात्रा निकाली गई। मां सतबहनियां मंदिर में मौसी के घर से रथयात्रा निकाली गई। सतबहनिया मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर मिलन चौक तक जाकर वापस से शिव मंदिर में पुनः अपने मंदिर लौटे।

मंदिर समिति के सभी सदस्यों ने इस बाहुड़ा यात्रा में शामिल हुए, साथ ही मोहल्ले से भी बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल हुए। भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र भैया और बहन सुभद्रा मां सतबहनियां मंदिर में 9 दिवस विश्राम किए। विराजमान होने बाद से महिला समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन शाम को भजन कीर्तन करते रहे जिससे मोहल्ले में भक्तिमय वातावरण हो गया था। आसपास के महिलाओं ने भी भजन कीर्तन में भाग लिए। शिव मंदिर के सभी सदस्यों ने प्रतिदिन शामिल होकर भजन कीर्तन करते रहे। महिला समिति के सदस्यों ने अपने अपने घर से बारी बारी प्रतिदिन भोग प्रसाद, भोजन की व्यवस्था किए,मां सतबहनियां मंदिर सेवा समिति के सभी सदस्यों में जमुना सोनी, सुशीला सोनी, आरबी सोनी, सरिता वासिंग, सहोदया सोनी, सुभ्रा वासिंग, श्यामा उपाध्याय, आशा दुबे, सुनीता वासिंग, सीमा चौहान, रिता वासिंग, महेश्वरी कश्यप, रानी सोनी, किशोरी वासिंग, रमा तिवारी, ईश्वरी चौहान, सीता कश्यप, मधु मानिकपुरी, सुषमा मराठा, राजकुमारी कश्यप, पवन सोनी , ईश्वर सोनी, छेदी मिश्रा, सुरित राम, संदीप वासिंग, संदीप चौहान अमृत कश्यप, गोलू कश्यप एवं सभी मोहल्ले के लोग भाग लिए। इस मौके पर पूर्णिमा शर्मा, रश्मि कौशिक, कमला पटेल, संतोषी जायसवाल, नागेश्वरी अवस्थी, मंजू श्रीवास,भागमती सूर्यवंशी, भारती चंद्रा, रश्मि चंद्रा, उत्तरा चंद्रा, दिक्षा देवानी, ऋचा पराग, बीना चंद्रवंशी, लता चंद्रा, मंदा सेलार, सारिका चंद्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## कान्यकुब्ज भवन का भूमिपूजन, विधायक निधि से होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



विधायक अमर अग्रवाल नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति द्वारा आयोजित भूमिपूजन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों को शुभकामनाएँ देते हुए निर्माण कार्य के लिए अपनी मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। खरपगंज में स्वर्गीय विमला देवी शुक्ला द्वारा समाजहित में दान की गई भूमि पर बनने वाले इस भवन का निर्माण विधायक अमर अग्रवाल की विधायक निधि से किया जाएगा। यह भवन समाज के विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

इस अवसर पर अमर अग्रवाल ने कहा कि समाजहित में किया गया यह योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। ऐसे सामुदायिक भवन केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं होते, बल्कि सामाजिक एकता, सहयोग और संस्कारों के सशक्त केंद्र बनते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह भवन समाज के विकास और संगठन को नई दिशा देगा। समारोह में उपस्थित समाजजनों ने विधायक अमर अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हर्ष जताया कि समाज के लंबे समय से प्रतीक्षित इस भवन का निर्माण विधायक निधि से साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अमर अग्रवाल सदैव समाज के सुख-दुःख में सहभागी रहे हैं तथा बिलासपुर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और जनकल्याणकारी कार्यों के लिए अपनी विधायक निधि से निरंतर सहयोग प्रदान करते रहे हैं। समाजजनों ने इस सहयोग को समाज के प्रति उनके आत्मीय जुड़ाव और सेवा भावना का प्रतीक बताया।


स्पोटर्स न्यूज

## एवीएम की छात्रा सताक्षी ने ज़ोन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल की छात्रा सताक्षी सिंह परिहार ने सीबीएसई फॉर ईस्ट ज़ोन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम कर विद्यालय, परिवार तथा छत्तीसगढ़ राज्य का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भुवनेश्वर में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का आयोजन केआईआईटी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा किया गया, जिसमें पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न राज्यों के सीबीएसई विद्यालयों के प्रतिभाशाली बॉक्सरों ने भाग लिया। उनकी सफलता के पीछे उनके पिता का निरंतर प्रोत्साहन, नियमित अभ्यास के लिए समय निकालना, प्रतियोगिताओं में सहभागिता सुनिश्चित करना तथा हर चुनौती के समय उनका मनोबल बढ़ाना एक महत्वपूर्ण आधार रहा।

विद्यालय के चेयरमेन डॉ अजय श्रीवास्तव ने सताक्षी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी अथक मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का उत्कृष्ट प्रतिफल है। विद्यालय के निदेशक एस. के. जना स्वामी ने सताक्षी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्पूर्ण विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है।विद्यालय की प्राचार्या सुश्री जी. आर . माधुलिका ने कहा कि सताक्षी की यह उपलब्धि उनके निरंतर अभ्यास, प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन, विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए अनुकूल वातावरण तथा अभिभावकों के सतत सहयोग का परिणाम है।




## तैराकी में आराध्या का 4 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

खेल परिसर स्थित स्विमिंग पूल में आयोजित 16वीं राज्य स्तरीय जूनियर एवं सब-जूनियर बालक-बालिका तैराकी प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा आराध्या साव ने विभिन्न तैराकी स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। इस उपलब्धि के आधार पर आराध्या साव का चयन 6 से 8 अगस्त तक जयपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जहाँ वे छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

उल्लेखनीय है कि आराध्या साव गत वर्ष भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न तैराकी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अर्जित कर चुकी हैं तथा अपने शानदार प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। उनकी निरंतर उपलब्धियाँ प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। आराध्या की इस गौरवपूर्ण सफलता पर छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि आराध्या ने अपनी मेहनत, अनुशासन और प्रतिभा के बल पर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आराध्या जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करेंगी तथा देशभर में प्रदेश का परचम लहराएँगी।



आराध्या की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, खेल प्रेमियों एवं समस्त प्रदेशवासियों में हर्ष का वातावरण है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्णिम सफलता की शुभकामनाएँ दी हैं।

## खबर संक्षेप

### गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर बैठक हुई



**बिलासपुर।** आज शहर की सभी समितियों द्वारा शहर में गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर बैठक हुई। जिसमे सभी समितियों ने एक मत होते हुए 24 सितंबर 2026 को विसर्जन करने की सहमति दी।

### कोलकाता में साहित्यिक व समाजसेवी डॉ मुखर्जी का सम्मान

**बिलासपुर।** कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर स्थित द बेंगल थियोसोफिकल सोसाइटी में अंतर्राष्ट्रीय आमार भारत संस्था और आशा फाउंडेशन द्वारा आयोजित बंगीय साहित्य सम्मेलन में डॉ गोपाल चंद्र मुखर्जी को मानव सेवा या सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में उनके द्वारा निरंतर किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए मानव रत्न और साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्टसेवा व निरंतर योगदान के लिए कवि रत्न से सम्मानित किया गया। पश्चिम बंगाल व भारत और विदेश के कई साहित्यकार, कलाकार और प्रतिभाशाली व्यक्तित्व इस सम्मेलन में उपस्थित थे। कुछ व्यक्तित्वों को उनके विशेष कार्यों या कार्यक्षेत्र के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। इनमें से कुछ विशेष रूप से चयनित व्यक्तित्वों को सामाजिक कार्योक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए समाज रत्न एवं होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए या उत्कृष्ट सेवा प्रदान के लिए होम्योपैथिक रत्न से सम्मानित किया गया।



### विजय मार्च, तिरंगे के साथ छात्रों ने मनाई लोकतांत्रिक जीत




**बिलासपुर।** शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्ष परीक्षा और छात्र हितों की आवाज को लेकर कोनी में छात्रों ने विजय मार्च निकाला। सैकड़ों छात्रों ने तिरंगा थामकर एकजुटता दिखाई और मिठाई बांटकर लोकतांत्रिक जीत का जश्न मनाया।

### संत रविदास की जयंती और हर घर तिरंगा यात्रा की तैयारी पर भाजपा की कार्यशाला



**बिलासपुर।** भाजपा जिला शहर के कार्यालय में शनिवार 25 जुलाई को संत शिरोमणि रविदास महाराज की आगामी 650 वीं जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों और हर घर तिरंगा - तिरंगा यात्रा की रूपरेखा तैयार करने एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें संत रविदास के विचारों, सामाजिक समरसता के संदेश और उनके जीवन दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने एवं हर घर तिरंगा अभियान व तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। मुख्यवक्ता पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि संत सिरोमणी रविदास ने अपने विचारों और शिक्षा के माध्यम से समाज से भेदभाव को मिटाकर समरसता का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वाराणसी में संत रविदास का भव्य स्मारक आकार ले रहा है, जो उनकी विरासत को सहेजने का ऐतिहासिक कार्य है। इस उपलक्ष्य में भाजपा की एक विशेष टीम 27 जुलाई को वाराणसी जाकर वहाँ से कलश में माटी एवं जल लेकर छत्तीसगढ़ आएगी। इस पवित्र जल और माटी को प्रदेश के सभी प्रमुख देव स्थलों और मंदिरों में ले जाया जाएगा, जहाँ विशेष सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। श्री शर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान आज एक राष्ट्र भक्ति का जन आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है।

### डीएलएस में स्व. बीडी महंत की पुण्यतिथि पर अर्पित किए गए श्रद्धासुमन



**बिलासपुर।** डीएलएस पीजी महाविद्यालय अशोक नगर सरकंडा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,जननेता एवं पूर्व सांसद अविभाजित मध्यप्रदेश में पूर्वमंत्री स्वर्गीय बिसाहू दास महन्त की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के उपाध्यक्ष विनायक बसन्त शर्मा ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों,अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में स्व बिसाहू दास महन्त के पुण्य स्मरण की यह परम्परा महाविद्यालय के संस्थापक स्व. बसन्त शर्मा द्वारा 27 वर्ष पूर्व प्रारम्भ की गई थी। वक्ताओं ने कहा कि स्व. बिसाहू दास महन्त अपना संपूर्ण जीवन जनसेवा, सामाजिक समरसता तथा शिक्षा के विकास के लिए समर्पित किया। उनकी सादगी, ईमानदारी, जनसरोकार और लोकहित के प्रति समर्पण आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

**मरीजों को मिलेगी सुविधा** — यह मशीन इमरजेंसी ओटी और अतिरिक्त मशीन ऑर्थोपेडिक ऑपरेशन थिएटर में लगाया जाएगा

# सिम्स में दो नई आधुनिक सीआर्म मशीन आई, किया जा रहा इंस्टॉलेशन

**बिलासपुर।** सिम्स का ऑर्थोपेडिक विभाग पिछले काफी समय से मशीनों से कमी से जूझ रहा था लेकिन पिछले 2 साल के भीतर ही सिम्स में लगातार नई मशीन लाई गई है। जिसका इस्तेमाल लोगों के इलाज में किया जा रहा है ।और करीब 400 से अधिक ऑपरेशन मिशन के द्वारा अब तक किए जा चुके हैं। प्रबंधन द्वारा हाल ही में दो नई सी आर्म मशीन लाई गई है जिसका इंस्टॉलेशन किया जा रहा है।

पिछले कुछ सालों में जिले के आसपास सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ। जिसके चलते सिम्स में इमरजेंसी ओटी और ऑर्थोपेडिक ओटी में सी आर्म मशीन की जरूर महसूस हो रही थी इसी को देखते हुए सिम्स प्रबंध में दो नए कर मशीन मंगवाए हैं। अस्पताल अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने बताया कि ऑर्थोपेडिक ऑपरेशन थिएटर में



पहले से ही सी आर्म मशीन लगाई गई है जिससे वर्तमान में ऑर्थोपेडिक मरीज का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया जा रहा है लेकिन मरीज के तादाद को देखते हुए और जल्द से जल्द ऑपरेशन करने के लिए भी दो कर मशीन की आवश्यकता महसूस हो रही थी ऐसे में नई मशीन लाई गई है जिसका इंस्टॉलेशन का काम जारी है यह मशीन इमरजेंसी ओटी और अतिरिक्त मशीन ऑर्थोपेडिक ऑपरेशन थिएटर में लगाया जाएगा जिससे एक साथ दो मरीजों का ऑपरेशन डॉक्टरों की टीम द्वारा एक ही समय में किया जा सकेगा इससे मरीज को वेटिंग से राहत मिलेगी।

वहीं इमरजेंसी में भी डॉक्टर द्वारा ऑर्थोपेडिक मरीजों का ऑपरेशन किया जा सकेगा इसे लगाने में करीब 15 दोनों का समय लग सकता है।

कुल पंजीकृत 2,446 मतदाताओं में से 1,818 वकीलों ने मताधिकार का प्रयोग किया

# जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में 75 प्रतिशत वोटिंग, आज होगी मतगणना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अधिवक्ता संघ बिलासपुर के आगामी कार्यकाल के लिए शनिवार को मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चले मतदान में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए.आर.के. राव के मुताबिक कुल पंजीकृत 2,446 मतदाताओं में से 1,818 वकीलों ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह मतदान 75 हुआ। मतदान की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बैलेट बॉक्स को कड़ी सुरक्षा के बीच सील कर दिया गया है। रविवार की सुबह 10 बजे से काउंटिंग होगी और देर शाम सभी रिजल्ट जारी कर दिए जाएंगे।

- रविवार को सुबह 10 बजे से होगी काउंटिंग

गौरतलब है कि इस चुनाव में कुल 8 पदाधिकारी पदों और 14 कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए वोटिंग हुई। इसमें 49 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। शनिवार को मतदान के दिन जिला न्यायालय परिसर में चुनावी गहमागहमी और भारी उत्साह का माहौल देखा गया। प्रत्याशी अंतिम समय तक मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क साधते नजर आए। अध्यक्ष और सचिव समेत सभी महत्वपूर्ण पदों पर प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।



### अध्यक्ष का रिजल्ट अंत में आएगा

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए.आर.के. राव के मुताबिक अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार अनुराग बाजपेयी, चन्द्रशेखर बाजपेयी, संदीप कुमार द्विवेदी और टीआर निराला के बीच मुकाबला है। उन्होंने बताया कि रविवार को मतदान के लिए 60 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुबह 10 बजे से मतगणना शुरू होगी और सबसे पहले क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के साथ ग्रंथालय सचिव का रिजल्ट आएगा। अध्यक्ष और सचिव के परिणाम सबसे अंत में जारी किए जाएंगे। गौरतलब है कि 8 पदों व 14 कार्यकारिणी सदस्य के लिए हो रहे चुनाव में सबसे अधिक 8 प्रत्याशी सचिव पद के लिए जोर लगा रहे हैं। इसमें अश्वनी जायसवाल, भरत लोनिया, ज्ञानेश्वर सिंह, हरिनाम सिंह, कमल किशोर सिंह, राकेश कुमार चौबे, विवेक पाण्डेय और एकमात्र महिला प्रत्याशी के रूप में नुपूर पाल शामिल हैं।

### इन पदों के लिए उम्मीदवार मैदान में

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए धनजंय सिंह, दिनेश चन्द्र पाण्डेय, घनश्याम प्रसाद चतुर्थी, गोपीचंद जैसवानी, रमाकांत कौशिक और वितेन्द्र पाठक आमने-सामने हैं। इसी तरह कनिष्ठ महिला उपाध्यक्ष पद के लिए दीपाली मजुमदार और राधा रजक के बीच सीधा मुकाबला है। कोषाध्यक्ष पद के लिए गायत्री सुमन, लीना अग्रहरी,संध्या पाण्डेय और श्वेता शास्त्री मैदान में हैं। सहसचिव पद के लिए अखिलेश कुमार दुबे, अंकित शर्मा, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, संतोष सिंह चौहान और शंकर चतुर्वेदानी के बीच टक्कर है। ग्रंथालय सचिव के लिए मनोज सिंह ठाकुर, पंकज जायसवाल व सूर्यकांत शर्मा के बीच त्रिकोणीय संघर्ष होगा, जबकि क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के लिए देवेन्द्र जायसवाल, राकेश देवांगन और सचिन दिघ्रस्कर के बीच मुकाबला है।



पदयात्रा में शामिल कांग्रेस नेता एवं अन्य।

# श्रीराम श्रद्धा आस्था यात्रा की शुरुआत

**बिलासपुर।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में हुई चोरी की घटना से आहत श्रद्धालुओं की भावनाओं के सम्मान और भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा, सम्मान व समर्पण व्यक्त करने के उद्देश्य से बेलतरा विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय केशरवानी द्वारा संकल्पित "श्रीराम श्रद्धा आस्था यात्रा" का प्रथम दिवस शनिवार को भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ।

महिलाओं, युवतियों, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने हाथों में श्रद्धा के नारियल लेकर यात्रा में सहभागिता की। यात्रा का शुभारंभ तिलक नगर स्थित दक्षिणमुखी श्रीहनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद हुआ। आकर्षक रथ पर भगवान श्रीराम, माता जानकी और हनुमानजी की झांकी सजी थी। भजन मंडलियों और बैंड की धुनों के बीच यात्रा तिलक नगर से सरकंडा, चांटीडीह, चिंगराजपारा, लिंगियाडीह, राजकिशोर नगर होते हुए मोपका बस्ती पहुंची। जगह-जगह पुष्पवर्षा, आरती, रामचरितमानस पाठ, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण से यात्रा का स्वागत किया गया। रामायण चौक में रामायण समितियों के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान भी किया गया तथा गौमाता को प्रसाद व चारा अर्पित किया गया। विजय केशरवानी ने कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा समर्पित नारियल अयोध्या धाम ले जाकर श्रीरामलला के चरणों में अर्पित किए जाएंगे। द्वितीय दिवस 26 जुलाई को सुबह 11 बजे महामाया मंदिर, बिजौर से शुरू होगा। यात्रा बहतराई स्टेडियम, अटल चौक, भक्त माता कर्मा चौक, सरकंडा थाना, साइंस कॉलेज, देवनंदन नगर, रामा ग्रीन सिटी, ड्रीम सिटी, खमतराई बस्ती और मुरूम खदान होते हुए बगदाई मंदिर में समाप्त होगी।

## नीट पेपर लीक मामले में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के विरोध में निकाली रैली




**बिलासपुर।** 25 जुलाई को सैकड़ों युवाओं एवं जागरूक नागरिकों द्वारा नीट पेपर लीक मामले के विरोध में, जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों व नागरिकों पर दिल्ली पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करने का प्रतिरोध करने के लिए स्थानीय गांधी चौक से देवकीनंदन चौक तक रैली निकाली गई। रैली का आरंभ महात्मा गांधी मूर्ति पर फूलमाला पहनाकर किया गया। रैली गांधी चौक से जूना बिलासपुर सिटी कोतवाली गोलबाजार एवं सदर बाजार होते हुए सिम्स चौक तक पहुंची जहां पर पुलिस प्रशासन द्वारा रैली को समाप्त करने आगे जाने से रोक दिया गया, जिस पर आयोजकजन ने पुलिस अधिकारियों का अनुरोध मानकर सिम्स चौक पर राष्ट्रगान गाकर रैली का समापन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा इस्तीफा दिए जाने को दिल्ली व देशभर में चल रहे छात्रों के आंदोलनों की बड़ी जीत बतलाया। कार्यक्रम में प्रियंका शुक्ला, कुणाल रामटेके, नन्द कश्यप, प्रथमेश मिश्रा, प्रशांत ठाकुर, शशांक देवांगन, सूर्या शर्मा, अकरम, राजकि अली, सूरज साहू, लोकेश उइके, पूजा उइके आदि मौजूद थे।

## प्रीमियर क्रिएटिव कैंपस द्वारा 2 दिवसीय क्रोचेट वर्कशॉप

**बिलासपुर।** इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी (प्रीमियर क्रिएटिव कैंपस) द्वारा 2-दिवसीय क्रोचेटवर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया।

इस वर्कशाप का उद्देश्य प्रतिभागियों को क्रोचेट की बेसिक तकनीकों से परिचित कराते हुए उनकी रचनात्मकता एवं हैंडक्राफ्ट स्किल्स को विकसित करना था। इस दौरान प्रतिभागियों को क्रोचेट बैसिक, मैजिक रिंग टेक्निक, फिनीशिंग, कीचैन एसेम्बली का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न आकर्षक क्रोचेट कीचैनस तैयार करना सीखा। यह वर्कशाप डायरेक्टर सईदा वनक के मार्गदर्शन एवं मेनटोर जैनब भरमल के प्रशिक्षण में आयोजित की गई। इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी बिलासपुर ने क्रोशे के कोर्स को लॉंच किया है जिससे विद्यार्थी नए कौशल सीखकर अपनी रचनात्मक क्षमता और डिज़ाइन स्किल्स को और बेहतर बना सकें। अधिक जानकारी के लिए प्रीमियर क्रिएटिव कैंपस तेलीपारा ज्वाली



नाला रोड से संपर्क कर सकते हैं। छात्राओं ने एकेडमी द्वारा दिए प्रशिक्षण की जमकर सराहना की और इसे रोजगारमूलक बताते हुए समाज के लिए बहुत ही उपयोगी बताया। एकेडमी द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। नए अवसर सीखने के लिए प्रेरित किया गया।

## भारतीय मजदूर संघ का मना स्थापना दिवस

**बिलासपुर।** भारतीय मजदूर संघ जिला बिलासपुर द्वारा संगठन का 72वाँ स्थापना दिवस राज्य कर्मचारी कार्यालय, नेहरू चौक में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। संजय ने श्रमिक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष जय प्रकाश दुबे ने की। मुख्य वक्ता नारायण तिवारी ने संघ के स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सुरेश तिवारी, राजेंद्र श्रीवास्तव, संजय कुमार तिवारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार तिवारी ने किया। सुरेश तिवारी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रकाश दुबे, अनीता कश्यप,ज्योति यादव,दुर्गेश पांडे,मधु पटेल,अनीता साहू,बृहस्पति खैरवार,रितु वैष्णव,शशि केवट,कुसुम साहू, राम अवतार श्रीवास, नंदकुमार कुशवाहा, संतोष चौहान, भागचंद साहू, विजेंद्र सिंह ठाकुर आदि मौजूद थे।

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अमित दास पिता प्रभात दास निवासी शासकीय प्राथमिक विद्यालय के पीछे, लिंगियाडीह, बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अधिकृत कर निर्देश दिये जाने पर यह सूचना प्रकाशित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी घरौंदा आकांक्षा गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, बिलासपुर द्वारा उपाध्यक्ष हरिशचन्द्र सोनी की भूमि स्थित ग्राम मोपका, प.ह.नं. 29, नगर पालिका निगम बिलासपुर के अंतर्गत, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की खसरा क्र. 1058/1 का टुकड़ा रकबा 3800 वर्गफुट, लगान रु. 0.10 पैसे, जिसकी चौहद्दी पूर्व में पूर्व में शासकीय भूमि के पश्चात रोड, पश्चिम में विक्रेता की बचत भूमि, उत्तर में राजलक्ष्मी मिश्रा व अन्य की भूमि, दक्षिण में विक्रेता की बचत भूमि है, को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का पक्का सौदा कर टोकन राशि का भुगतान किया जा चुका है। उक्त भूमि के स्वामित्व एवं कब्जे पर किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक को कोई आपत्ति हो तो 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर अपने समस्त मूल दस्तावेज सहित कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। मेरा पक्षकार अविलम्ब उक्त भूमि का बिक्री पत्र पंजीयन करावेगा। 7 दिवस के पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार को बंधनकारी नहीं होगा। सूचना जाने।

बिलासपुर (छ.ग.)
दि. 24.7.2026

भवदीय
प्रशांत गुप्ता
भाजपा कार्यालय के सामने,
करबला रोड, पुष्पांजली नगर,
बिलासपुर (छ.ग.)
मोबाईल 9303060003

## सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में बिना चीरा लगाए पथरी का इलाज

**बिलासपुर।** सरकारी सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने एक बार फिर अपनी दक्षता का परिचय देते हुए 35 वर्षीय महिला मरीज की जटिल पथरी की सफल सर्जरी की। आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञों की समन्वित टीम वर्क के कारण यह ऑपरेशन बिना किसी चीरे के किया गया। महिला मरीज के दाहिने निचले यूरेटर (मूत्रनली) में पथरी (राइट लोअर यूरेटरिक कैल्कुलस) से पीड़ित थीं, जिसके कारण उन्हें तीव्र दर्द और असुविधा हो रही थी। जांच के बाद डॉक्टरों ने राइट यूरेटरोलिथोट्रिप्सी करने का निर्णय लिया।

यह सर्जरी 16 जुलाई को सफलतापूर्वक की गई। ऑपरेशन में सिस्टोस्कोपी, राइट यूरेटेरोस्कोपी तथा राइट डीजे स्टेंटिंग की प्रक्रिया अपनाई गई। पूरी सर्जरी यूरेटेरोस्कोपिक तकनीक से की गई, जिसमें शरीर पर कोई चीरा नहीं लगाया गया। सर्जरी के दौरान मूत्रमार्ग के माध्यम से यूरेटेरोस्कोप डाला गया, जिससे दाहिने यूरेटर के छिद्र की पहचान की गई। इसके बाद गाइडवायर को यूरेटर में स्थापित कर यूरेटेरोस्कोप को आगे बढ़ाया गया। अंदर फंसी हुई पथरी को न्यूमेटिक लिथोट्रिप्टर की सहायता से छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ा गया। इसे फोर्सेप्स की मदद से बाहर निकाला गया। सर्जरी के अंत



में यूरेटर के बेहतर उपचार और शेष सूक्ष्म कणों के प्राकृतिक रूप से निकलने 6/24 फ्रेंच डीजे स्टेंट डाला गया। अस्थायी रूप से फॉले कैथेटर भी लगाया गया। इस सफल सर्जरी को डॉ. ए. वाई. शर्मा और डॉ. अभिनव पांडेय ने संपन्न किया। इसमें डॉ. आदित्य बिडविकर, डॉ. आदित्य सिंह और डॉ. श्रीकांत वर्मा, वेदिका वासुदेव, अजीत पटेल, अर्चना यादव और पितेश्वर पटेल, ज्योति बंसोर और ममता पटेल ने अहम भूमिका निभाई। फॉले कैथेटर हटाने के बाद मरीज को दो दिनों के भीतर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।









## निधन

### प्रो. शैलेन्द्र कुमार



बिलासपुर। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो. शैलेन्द्र कुमार का 24 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 जुलाई रविवार को सुबह 9 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निवास महामाया रेसिडेंसी कोनी से सुबह 8.30 बजे रवाना होगी। वे डा. सोमिल अंशल तथा शंरिवन अंशल के पिता थे।

### भगवती तिवारी



बिलासपुर। नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम तुलसी के स्वर्गीय श्याम लाल तिवारी की धर्मपत्नी भगवती तिवारी का शनिवार 25 जुलाई को निधन हो गया। वे 92 सुरेश तिवारी, नरेश तिवारी एवं पूर्णिमा तिवारी की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार रविवार 26 जुलाई को जांजगीर मुक्ति धाम में होगा।

### जानकी परवार



बिलासपुर। देवरीखुर्द निवासी जानकी परवार का 21 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम तोरवा में किया गया। वे शंकर परवार की पत्नी, अभिषेक परवार, आकांक्षा परवार, अंकिता परवार की माता थीं।

### देवी कलवानी



बिलासपुर। सिंधी कालोनी निवासी देवी कलवानी का 25 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिंधी कालोनी में किया गया। वे शंकरलाल कलवानी की धर्मपत्नी, श्रीकांत, इशांत मोंटी की माता थीं।

### कैलाश देवी वैष्णव



बिलासपुर। मस्तूरी के ग्राम हिर्री निवासी कैलाश देवी वैष्णव का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम हिर्री के मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. श्याम दास वैष्णव की धर्मपत्नी और पुरुषोत्तम,वीरेन्द्र , एगेश्वर वैष्णव, मुन्नी एवं रानी की मां थीं।

## लूटे गए सोने-चांदी के जेवरात, नगदी, मोबाइल और हथियार बरामद

# देवरहट में दंपती पर हमला कर लूटपाट करने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लालपुर

थाना क्षेत्र के ग्राम देवरहट में दंपती पर जानलेवा हमला कर हुई सनसनीखेज लूट की वारदात का पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। अधीक्षक भोजराम पटेल के कुशल मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार बालिग और 4 नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया, जबकि वारदात में शामिल चार विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत कर बाल संप्रेषण गृह भेजा गया। सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि पुलिस ने लूटे गए लगभग सभीआरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात , 8 हजार 650 रू नगद , मोबाइल तथा वारदात में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है।



पुलिस हिरासत में लूट के आरोपी व जब्त सामान।

बाजार में देखी थी महिला ,रात में दिया वारदात को अंजाम- पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पीड़ित महिला को बाजार में भारी मात्रा आभूषण पहने देखकर रेकी की थी। 22-23 जुलाई की दरमियान रात जब दंपति घर से बाहर निकले तो मुंह पर कपड़ा बांधे बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने चाकू, हंसिया और अन्य हथियारों के बल पर दंपति को आतंकित किया। विरोध करने पर पति के सिर पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया और गहने-नगदी लेकर फरार हो गए।

### सीसीटीवी और मुखबिर की मदद से पकड़े गए आरोपी

घटना की गंभीरता को देखते हुए साइबर सेल एवं लालपुर पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों, पुराने आपराधिक रिकॉर्ड और मुखबिर तंत्र की मदद से लगातार पतासाजी की। पुलिस ने ग्राम पीपरखूंटा निवासी आरोपियों देवी टंडन 26, सोनू टंडन 23, शैलेन्द्र टंडन 18 और आर्यन जोशी उर्फ लेडी 18 को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने अपने 4 नाबालिग साथियों के साथ मिलकर वारदात कबूल की। चारों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया, जबकि चार विधि से संघर्षरत बालकों के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। मुंगेली पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है। 50 टोला चांदी की करधन,मर्चली, टॉप्स, पदुम,पायल,अंगूठी 8650 नगदी,मोबाइल और घटना में प्रयुक्त चाकू एवं हंसिया बरामद की गई।



# सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने प्रतिबद्ध

**पथरिया।** नगर पंचायत पथरिया के नामनिर्दिष्ट एल्डरमैन, पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को मंगल भवन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री व बिलासपुर लोकसभा सांसद तोखन साहू ने कहा कि सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने प्रतिबद्ध है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी ऋतु वैष्णव एवं उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय उपस्थित रहे।

■ एल्डरमैन, पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। एसडीएम रेखा चंद्रा ने नगर पंचायत के नव-नामनिर्दिष्ट पार्षद उमेश यादव, नरेन्द्र गुप्ता एवं गंगा राम साहू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने संबोधन में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत सहित विभिन्न योजनाओं का उल्लेख किया। आभार प्रदर्शन सीएमओ अनुराधा राजमणि ने किया। कार्यक्रम में भूपेंद्र सवन्नी, नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार, उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, सभापति अनीला देवेंद्र राजपूत, अंम्बालिका साहू, हरिशंकर वर्मा, निश्चल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत , राजेन्द्र साहू, रविन्द्र बघेल, राजेन्द्र निर्मलकर, शंकर यादव, लोकेश साहू, अभिलाष त्रिवेदी, संजय सिंह, बलराम जायसवाल, जगदीश वर्मा, कोमल साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नगरवासी एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों की घोषणा

अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने नव-नामनिर्दिष्ट पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए पथरिया के लिए 2 करोड़ की लागत से मांगलिक भवन, 86 लाख की लागत से मुक्तिधाम विकास कार्य तथा 30 लाख की लागत से नगर पंचायत सभा कक्ष निर्माण की घोषणा की। उनकी घोषणाओं से नगरवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

**करोड़ों के विकास कार्य हुए स्वीकृत-** अध्यक्षता कर रहे धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं। सरकार गरीबों के कल्याण एवं आधारभूत सुविधाओं की विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने पथरिया नगर के समग्र विकास के लिए उपमुख्यमंत्री एवं केंद्रीय राज्य मंत्री के समक्ष विभिन्न विकास कार्यों की मांग भी रखी।



# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर महिला कांग्रेस ने निकाली मशाल रैली, आतिशबाजी

लोरमी। नीट पेपर लीक मामले में छात्रों के आंदोलन और जनता के दबाव के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर पर लोरमी में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

महिला कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मायारानी सिंह के नेतृत्व में शहर में मशाल रैली निकाली गई। रैली के बाद आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की गई। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस मायारानी सिंह ने कहा, धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्रों की जीत है। लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर लगाकर सरकार पेपर लीक को छुपा रही थी। वहीं प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस लता रानी वैष्णव ने कहा महिला कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक छात्रों के साथ खड़ी है। जब तक नीट में शामिल सभी दोषियों को सजा नहीं मिलती और पारदर्शी परीक्षा नहीं होती, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

कांग्रेस के जश्न में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष उर्मिला यादव, अनिता विश्वकर्मा, जिला सचिव बिंदु यादव, श्वेता पाठक, सगीरा खान, मंडल अध्यक्ष हेमिन मंगेशकर, के साथ जिलाध्यक्ष ओबीसी कांग्रेस अभिलाष जायसवाल, जिला महासचिव अशोक चंद्राकर ,मंडल अध्यक्ष हेमंत मानिकपुरी, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताएं शामिल हुईं।

# तेंदुआही तालाब निपनिया में पौधरोपण

**बिल्हा।** जनपद पंचायत बिल्हा के तेंदुआही तालाब निपनिया में मंगल स्पंज एंड स्टील प्लांट बिल्हा व हरी ओम राइस मिल निपनिया के सौजन्य व सहयोग से ग्राम पंचायत निपनिया द्वारा करीब 1 एकड़ क्षेत्रफल में बृहद पौधरोपण किया गया।



पौधरोपण के तहत तालाब के मेढ़ पर करीब 150 नीम, पीपल, आम, अर्जुन, खम्हार, बरगद आदि विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण आमंत्रित मुख्य अतिथि मंगल स्पंज आयरन एंड स्टील प्लांट के संचालक नरेश अग्रवाल, हरिओम राइस प्रोडक्ट के संचालक ओमप्रकाश अग्रवाल, बंसल चावल उद्योग के संचालक मुरारी अग्रवाल एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता विष्णु बिंदल की उपस्थित में संपन्न हुआ। अंत में अतिथियों व ग्रामीणों ने मिलकर एक पेड़ मां के नाम पौधे लगाकर उसके बड़े होते तक सुरक्षा करने की शपथ ली। इस मौके पर ग्राम पंचायत निपनिया की सरपंच रामेश्वरी राजकुमार कोशले, उपसरपंच ममता शिवप्रसाद यादव, सचिव राजेंद्र कुमार कनौजे, जनपद सदस्य राधिका जितेंद्र जोगी, पंचगण नरेंद्र कुमार, सुनील कुमार ठाकुर, पुष्पा कौशिक, प्रतिमा, वरिष्ठ नागरिक जवाहर लाल कौशिक, प्रेमलाल गेंदले, ग्राम कोटवार बढ़ावन दास, राजिक खान, अधिराम, सोंचरण, करीम खां, राधेलाल पटेल, रेशमलाल भास्कर, एहसान अली, युवा साथी मनीष अग्रवाल, सतीश गुप्ता, चिराग अग्रवाल, द्वारिका पटेल, संजय पटेल, मेलु यादव, शैलेंद्र, अंकित, रघु, महावीर, डबला, अजीम महेंद्र राजा खान सहित बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों की उपस्थिति रही ।

## नारायणपुर के बच्चों को मिली पाठ्य सामग्री

**लोरमी।** ग्राम नारायणपुर के प्राथमिक शाला में पूना फाउंडेशन ने स्कूल-बैग, कापी, पेन पहाड़ा पेन्सिल, रबर, कटर एवं अन्य अध्ययन सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर जनपद सभापति आदित्य ध्रुव, अकत सिंह, डॉ.आरएस आयाम, सुमन खुसरो, रामेश्वर सिंह, ओमप्रकाश सिंह मनोज ध्रुव, जलाराम सिंद्राम दिनेश मरावी, लेखराम नेताम, प्रधान पाठक हुकुम सिंह, चैन सिंह पोर्ते,भंवर सिंह ध्रुव सहित पालक उपस्थित रहे।



## नगोई स्कूल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

**तखतपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नगोई में विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं अनुशासित जीवन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन बनाए रखने और मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता दिलीप तोलानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क का वास होता है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए टाई, बेल्ट का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक परदेसी लाल पटेल, शिक्षिका दीपिका तिवारी, अनिरुद्ध शुक्ला, श्वेता दीक्षित, अरविंद सागर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



श्रीराम CARE हॉस्पिटल
नेहरु नगर, बिलासपुर 07752-455566, 9098100747
45 Super Deluxe Room
60 Bedded ICU / Neonatal Advanced NICU
10 Bedded State of Art Dialysis
NCV/EEG/EMG Study
24x7
आयुष्मान कार्ड, ESIS एवं ESIC से निःशुल्क इलाज
हार्ट अटैक में एंजियोप्लास्टी एवं पेसमेकर लगाने की सुविधा
डॉ. रूपेश श्रीवास्तव
डीएनबी कार्डियोलॉजी
लकवा, पैरालिसिस एवं ब्रेन स्ट्रोक विभाग
डॉ. नीलम साहू पुरी
डीआरएनबी न्यूरोलॉजी
डॉ. एमेन्द्र वाहने
डीएनबी, न्यूरो सर्जरी
कैंसर एवं कीमोथेरेपी विभाग
डॉ. सी. रहालकर
डॉ. ऋचा अग्रवाल
यूरोलॉजी विभाग
डॉ. शोभिक चंद्रा
एमसीएच यूरोलॉजी
डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन एंड क्रिटिकल केयर
डॉ. निताशा सोनी - एमडी मेडिसिन (डॉयरेक्टर)
डॉ. मो. जिशान हुसैन - डीएनबी मेडिसिन
डॉ. राजेश कुमार शर्मा - डीएनबी मेडिसिन
डॉ. निशांक कस्यप -डीएनबी फैमिली मेडिसिन
लिवर एवं गैस्ट्रो विभाग
एन्डोस्कोपी, कॉलोनोस्कोपी / ईआरसीपी की सुविधा
डॉ. प्रतीक छाबड़ा
डीआरएनबी (गैस्ट्रोइन्टेरोलॉजी)
अस्थि रोग एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
डॉ. शान्तनु गुप्ता
एमएस आर्थोपेडिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ
रेडियो डाईग्नोसिस
डॉ. नितिन टहलियानी
डीएनबी, रेडियो डाईग्नोसिस
डॉ. अमित सोनी
डीएनबी (सर्जरी)
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. प्रतीक अग्रवाल
डीएनबी (ईएनटी)
एन्डोस्कोपिक सर्जन
डॉ. सुमीत्रा ओटवानी
डीजीओ, गायनेकोलॉजी
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक कौशिक
एमडी (एनेस्थेसिया)
कीटिकल केयर स्पेशलिस्ट
डॉ. अभिषेक शर्मा
एमडीएस डेंटल
डेंटल केयर स्पेशलिस्ट
डॉ. अनुराग कुमार
एमसीएच
पिडियाट्रिक सर्जरी
डॉ. शशांक सिंह
डिप्लोमा पिडियाट्रिक्स
डॉ. श्रेया बोस चंद्रा
एमडी (पैथोलाजी)
पैथोलाजीस्ट
24x7 इमर्जेंसी
60 बिस्तरों का आईसीयू
माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
32 स्लाईस सिटी स्कैन
एडवांस्ड कैथ लैब
कैंसर सर्जरी
Central and State Govt. से अनुबंधित अस्पताल : Coal India (SECL, NCL, WCL), SECR, FCI, GGU, SBI, CSEB, IRCON, ESIC/ESIS, GIC इंश्योरेंस एवं TPA से कैशलेस इलाज की सुविधा

## खबर संक्षेप

### कारगिल विजय दिवस समारोह आज

**बिलासपुर।** कारगिल विजय दिवस और शहीद सम्मान समारोह का आयोजन 26 जुलाई को लखीराम अग्रवाल सभागार में शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इसके मुख्य अतिथि बिलासपुर संभाग के आयुक्त सुनील जैन, आईजी राम गोपाल गर्ग होंगे। विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता सतीश गोकुल पांडा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह होंगे। अन्य अतिथियों में कर्नल सेनि. डा. पीएल केशरवानी, सेनि. कर्नल राकेश सिंह बिसेन, से.नि. ग्रुप कैप्टन संजय पाण्डेय, सेवानिवत्त कमांडर हरिशचंद तिवारी, सचिव ब्रजेन्द्र शुक्ला होंगे। कार्यक्रम के संयोजक धीरज कुमार वानखेडे हैं।


### दो दर्जन पंजीयन लिपिकों का प्रमोशन

**बिलासपुर।** पंजीयन विभाग के विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में की गई अनुशंसा के आधार पर दो दर्जन पंजीयन लिपिकों को रिकार्ड कीपर, उच्च श्रेणी पंजीयन लिपकों के पद पर प्रमोशन दिया गया है।

इसमें कुछ पंजीयन लिपिकों को प्रमोशन देकर दूसरे स्थानों में नवीन पदस्थापना दी गई है, वहीं कुछ पंजीयन लिपिकों को उसी जगह पर यथावत रखा गया है। पंजीयन विभाग की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक 22 जुलाई को हुई थी। विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में इन पंजीयन लिपिकों, रिकार्ड कीपरों के प्रमोशन की अनुशंसा की गई है। इसके आधार पर 24 जुलाई को पंजीयन महानिरीक्षक कार्यालय द्वारा प्रमोशन लिस्ट जारी कर दी गई है। इसके अनुसार हर्षा उपाध्याय, स्मृति पाटनवार, अनिता साहू, अर्चना कश्यप, कैलाश प्रसाद चन्द्रवंशी, ठाकुर राम रावटे, कौशल कुमार ठाकुर, पूनम सिदार, ललेश्वरी ठाकुर, प्रेमलाल धुर्वे, बसंत कुमार कुजूर, तरूण कुमार सिदार, किशोर कुमार मंडावी, दयानंद पैकरा, पवन कुमार मरावी, विजय एक्का, मीना मरकाम, सुरंजना भगत, अनिल कुमार सलाम, गोपाल चंद्र मेहर, आशुतोष अग्रवाल, पारूल अवस्थी, संतराम साहू को प्रमोशन दिया गया है। इन सभी लोगों को आदेश जारी होने के 15 दिवस के भीतर नवीन पदस्थापना स्थल में कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर उक्त पदोन्नति आदेश स्वमेव निरस्त माना जाएगा। यह आदेश उच्च न्यायालय में दायर याचिका में पारित अंतिम निर्णय के अध्यधीन होगा।

### नए छात्रावास को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

**बिलासपुर।** जिले के खोंगसरा स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के विद्यार्थियों को शीघ्र ही नए और आधुनिक छात्रावास भवन की सुविधा मिलने जा रही है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए भवन को 15 अगस्त तक पूर्ण करने कहा है। उल्लेखनीय है कि पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 50 सीटर नवीन छात्रावास भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद छात्रावास का संचालन नए भवन में किया जाएगा। वर्तमान में छात्रावास में 24 विद्यार्थी निवासरत हैं, जिन्हें पुराने भवन के सुरक्षित कमरों में व्यवस्था कर उनकी सुरक्षा तथा आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

मरम्मत में हर साल लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी जिला अस्पताल की छत और दीवारों से टपक रहा पानी। मरीज हो रहे परेशान।

# जिला अस्पताल की दीवारों पर सीपेज

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में हर साल लाखों रूपए खर्च कर निर्माण व रंग रोगन कराया जाता है, लेकिन बारिश के दिनों में अस्पताल की हालत खराब हो जाती है। पीडब्ल्यूडी और अस्पताल प्रबंधन के अधिकारियों की मिली भगत से लाखों रूपए बहाए गए हैं, लेकिन दीवारों पर सीपेज और ड्रेनेज की समस्या जस की तस बनी हुई है।

जिला अस्पताल की छत पर बारिश का पानी रूक रहा है, यही कारण है कि छत पर पेड़ उग गए हैं। वहीं ड्रेनेज पाइप लाइन टूटने के कारण जल भराव की स्थिति भी आम है। खास बात यह है कि हर साल डीएमएफ, पीडब्ल्यूडी और जीवन दीप समिति के फंड का बेजा उपयोग कर अस्पताल संवारने के लिए लाखों रूपए खर्च किए जा रहे हैं, बावजूद इसके बदहाली देखते ही बन रही है। खास बात यह है कि बारिश के दिनों में सीपेज आने के कारण आपरेशन थिएटर को बंद कर दिया जाता है। इस दौरान मरीजों के सिर पर पानी टकपकते रहता है और उन्हें ऐसे ही हालत में इलाज कराने मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं प्रबंधन के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। खास बात यह है कि जिला अस्पताल की बदहाली को लेकर हाईकोर्ट ने भी संज्ञान लिया है, इस दौरान कोर्ट कमिश्नरों को अस्पताल का निरीक्षण करने और रिपोर्ट देने के निर्देश मिले हैं। इसके बावजूद जिला अस्पताल प्रबंधन लापरवाही से बाज नहीं आ रहा है। मरीजों को मिलने वाली सुविधा को लेकर भी खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अस्पताल में रिपोर्ट मिलने में मरीजों को दो दिन लग रहे हैं। एक्स रे जांच में लोगों को फिल्म तक नहीं दी जाती है।

### नेहरू नगर में चोरी के मामले में सीसीटीवी फुटेज से मिली पुलिस को सफलता

# 5 करोड़ की चोरी निकली अफवाह, नल की टोंटी चोरी करने वाले नबालिग सहित 3 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू नगर के सूने मकान में 5 करोड़ रुपए की चोरी का मामला अंततः अफवाह निकला। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस को चोरी करने वालों को पकड़ने में बड़ी सफलता मिल गई है। मंगला क्षेत्र के घूमंतू नल की टोंटी चोरी करने वाले तीन नाबालिगों ने उक्त मकान में चोरी की है। उनके पास से 1 लाख 6 हजार 635 रुपए नकद, इसमें साढ़े 4 हजार पुराने नोट सहित सोने, चांदी के जेवर, नकद, कुछ स्टोन व 10 नल की टोंटी, बर्तन बरामद किए गए हैं, पुलिस नाबालिगों से पूछताछ कर रही है।

ज्ञात हो नेहरू चौक गणेश चौक निवासी रजनीश सेठ 18 जुलाई को मकान के दरवाजे में ताला परिवार के साथ घूमने के लिए ऋषिकेश गए हुए हैं। 24 जुलाई को उनके घर के विंडो एसी को हटाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। कमरे में खंगालकर बाथरूम में तोड़फोड़ की गई थी। परिचतों के द्वारा उक्त मकान से 2.50 लाख रुपए नकद, 20 तोला सोना, डायमंड के जेवर व स्टोन सहित 5 करोड़ रुपए के चोरी की अफवाह उड़ा दी गई थी। करोड़ो की चोरी की सूचना पर पुलिस के आला अफसर बल के पास उनके घर पहुंचकर जांच में जुट गए। पुलिस ने श्री सेठ के घर के पीछे मकान में लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाला तो चोरी करने वाले नाबालिग गिरोह की पहचान हो गई। रात में पुलिस दबिश देकर मंगला क्षेत्र के तीन नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर तीनों ने श्री सेठ के घर में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से 1 लाख 6 हजार 635 रुपए नकद, इसमें साढ़े 4 हजार पुराने नोट सहित सोने चांदी के जेवर, 10 नल की टोंटी, बर्तन व कुछ स्टोन बरामद किए गए हैं। पुलिस नाबालिगों से पूछताछ कर रही है।



आरोपियों से जब्त नकद और जेवरात।

#### खाली मैदान में छिपाए थे जेवर

नाबालिगों ने चोरी करने के बाद जेवर व नकद रकम एक थैला में रखकर 36 सिटी माल के पास खाली मैदान के घास में छिपाकर रख दिया था। उनकी निशानदेही पर पुलिस मौके पर गई तो मैदान में घास के बीच खोजबीन करने पर जेवर व नकद सहित थैला मिल गया।

#### मंगला चौक में रहता था डेरा

पकड़े गए नाबालिगों की उम्र 10 से 15 साल है। तीनों अपने घर नहीं जाते और आसपास के कालोनी में घूम घूमकर मकानों से नल की टोंटी, लोहे का कबाड़ चोरी करते और रात में मंगला चौक रतन लस्सी चाल में सोते थे। रात्रि गश्त में जाने वाले पुलिसकर्मी उन्हें भगाते तो मुंदडा हास्पिटल के आसपास दुकान के नीचे सोकर रात गुजराते थे।

# 30 तक सरकारी जमीनों की जांच करने दिया अल्टीमेटम

### तहसीलों से आने लगी शासकीय जमीनों की जांच रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला प्रशासन ने राजस्व विभाग की टीमों को जिले में सरकारी जमीनों की जांच का काम पूर्ण करने 30 जुलाई तक का अल्टीमेटम दिया है। अलग-अलग तहसीलवार एएसएलआर, आरआई व पटवारियों की टीम बनाकर शासकीय जमीनों की जांच कराई जा रही है और तहसीलों से रिपोर्ट आनी भी शुरु हो गई है। लेकिन जिन तहसीलों से अभी तक रिपोर्ट नहीं आई है उन्हें चेतावनी दे दी गई है।

▪ राजस्व अमले की तहसीलवार बनी जांच टीम

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर राजस्व अमले की तहसीलवार अलग-अलग टीम भी बनाई गई है और इन टीमों द्वारा जिले में कहां-कहां कितनी सरकारी जमीन बची है तथा सरकारी जमीनों पर बेजा कब्जा सहित पट्टा आबंटन संबंधी पूरी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। जिले में सरकारी जमीनों के रिकार्ड खंगालने का काम पिछले कुछ दिनों से चल रहा है। प्रत्येक तहसील से पांच-पांच पटवारियों की टीम बनाई गई है और उसके ऊपर राजस्व निरीक्षकों एवं भू-अभिलेख के सहायक अधीक्षकों को काम में लगाया गया है। सरकारी जमीनों से संबंधित सारे रिकार्ड से मिलान करने और वर्तमान स्टेटस के साथ रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस जांच के बाद शासकीय जमीनों के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रशासन के पास पहुंचती जा रही है। उसके आधार पर शासकीय जमीन का फर्जी रिकार्ड, अवैध प्लाटिंग, नियम विपरीत जमीन हस्तांतरण, अतिक्रमण, अवैध प्लाटिंग जैसे मामले सामने आने लगे हैं।

अभी कुछ-कुछ तहसीलों से जांच रिपोर्ट आ गई है, किन्तु कई तहसीलों में जांच पूरी नहीं हो पाई है इसलिए वहां की रिपोर्ट मिलना बाकी है। इसी वजह से राजस्व विभाग की टीमों को 30 जुलाई तक शासकीय जमीनों की जांच पूरी करने का अल्टीमेटम दिया गया है।

#### पट्टा, आबंटित जमीनों की भी रिपोर्ट

राजस्व अमले द्वारा मिशल, निस्तार पत्रक एवं अधिकार अभिलेख सहित वर्तमान रिकार्ड की जांच कर सरकारी जमीन की जानकारी निकाली गई है। इसी तरह आबंटित शासकीय जमीनों तथा पट्टे में दी गई जमीन की जांच की जा रही है कि शासकीय जमीन किस आदेश व प्रक्रिया के अंतर्गत आबंटित की गई है। शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा की भी जानकारी मिल रही है।

#### जमीन की बंदरबाट भी आएगी सामने

जिले में शासकीय जमीन की बंदरबाट से लेकर अतिक्रमण और अवैध प्लाटिंग सहित सरकारी जमीन, चराई भूमि, सार्वजनिक उपयोग भूमि एवं पट्टा वाली भूमि के संबंध में शिकायतों की भरमार है और प्रशासन के पास इस तरह की शिकायतें आती ही रहती है। यहां तक कृषकों को खेती, जीवकोपार्जन के उद्देश्य से आबंटित पट्टा भूमि का भी नियम विपरीत हस्तांतरण एवं बिक्री मामले भी हैं। कई जगहों पर निजी भूमि से लगे शासकीय जमीनों पर बेजा कब्जा हो गया है।

# बीट में भ्रमण करने पुलिसकर्मियों को मिली 48 नई बाइक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीट में भ्रमण कर सूचना संकलन करने बीट प्रभारियों को 48 नई बाइक दी गई है। एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर पुलिसकर्मियों को रवाना किया है।

▪ एसएसपी ने दिखाई हरी झंडी

जिले में थाना और चौकी क्षेत्रों में अलग अलग बीट विभाजीत कर पुलिसिंग की जा रही है। बीट प्रभारी अपने अपने क्षेत्र मे अपराध, कानून व्यवस्था, सामाजिक, राजनीतिक, सांप्रदायिक, छात्र, और श्रमिक गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं।



आवश्यक दिशानिर्देश देते एसएसपी रजनेश सिंह।

साथ ही हिस्ट्रीशीटर, निगरानी बदमाश, असामाजिक तत्वों, किराएदार व संदिग्ध लोगों की जानकारी ली जा रही है। बीट प्रभारियों को बीट रजिस्टर, डायरी संधारित करने का आदेश दिया गया है। 25 जुलाई को एसएसपी रजनेश सिंह ने पुलिस लाइन में बीट में भ्रमण करने वाले पुलिसकर्मियों को 48 नई बाइक वितरण किया है। पुलिसकर्मी अपने अपने बीट में बाइक में भ्रमण कर संवेदनशील स्थानों, स्कूल कालेज, बाजार, धार्मिक स्थलों, भीड़भाड़ वाले इलाकों में नियमित गश्त करेंगे। जुआ सट्टा, नशाखोरी, चोरी, लूट, चेन स्नेचिंग, छेड़छाड़, अड्डेबाजी इलाका में गश्त कर गुण्डे बदमाशों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा स्थानीय लोगों से समन्वय बढ़ाकर सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत किया जाएगा। एसएसपी ने कहा अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कार दिया जाएगा। लापरवाही करने पर कार्रवाई होगी।

बीट प्रणाली की साप्ताहिक समीक्षा थाना प्रभारी, राजपत्रित अधिकारियों के द्वारा किया जाएगा।

### दो भाइयों से मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** घर के सामने गाली देने से मना करने पर युवकों ने दो भाइयों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, ग्राम धूमा निवासी शिव यादव पिता स्व. रामचंद यादव 24 जुलाई की रात 8 बजे घर से बाहर निकले तो उनकी दुकान के सामने बैठकर सुशांत यादव, परदेशी यादव, मोनू यादव आपस में गाली गलौज कर रहे थे। उन्होंने घर के सामने गाली गलौज करने से मना किया तो तीनों ने उनके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। उनकी चीख सुनकर उनका भाई सुशील यादव बीच बचाव करने आया तो युवकों ने उनके साथ भी मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने शिव की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# राहगीर से मारपीट कर लूटपाट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** राहगीर से मारपीट कर नकद रकम, मोबाइल लूटने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार लगरा निवासी राजीव केंवट पिता महेशराम केंवट 35 साल 24 जुलाई को अपने ससुराल तखतपुर गया था। काम निपटाने के बाद रात में वह बाइक से लौट रहा था। रात 8.30 बजे बिनौरी के पास युवक सड़क पर दोनों हाथ फैलाकर जबदस्ती रोककर पैसे की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी देकर उनके जेब से मोबाइल व नकद रकम लूट लिया। उसके बाद राजीव केंवट की पत्नी को फोन कर 5000 रुपए फोन पे करने के लिए धमकी दी। सूचना पर टीआई उमेश साहू स्टाप के साथ घटनास्थल का मुआयना करने के बाद पतासाजी कर छोटे बिनौरी निवासी नील कमल मरावी पिता राजकुमार मरावी 20 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने लूटपाट करना स्वीकार कर लिया। उसके पास से मोबाइल व 300 रुपए बरामद किया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 309, 4 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### झपट्टा मारकर मोबाइल की लूट

**बिलासपुर।** कोटा में झपट्टा मारकर मोबाइल की लूट की गई है। कोटा पुलिस के अनुसार जोगीपुर निवासी योगेश यादव पिता गोवर्धन यादव 19 साल 23 जुलाई को अपने दोस्त अमित बिरको के साथ कोटा खाद खरीदने गए थे। खाद नहीं मिलने पर रात में गांव लौट रहे थे। रात 10.30 बजे सूरजपुर पुल के पास पीछे बाइक सवार आया और उन्हें रूकवा कर बात करना है कहकर मोबाइल मांगा। जेब से मोबाइल निकलने पर झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया। पीछे से दो युवक लात मारकर उन्हें बाइक सहित गिराकर भाग गए। पुलिस लुटेरो को नहीं पकड़ पाई है।

# अड्डेबाजी कर नशाखोरी व मारपीट करने वाले 18 बदमाशों से उठक-बैठक कराकर निकाला जुलूस



**बिलासपुर।** पुलिस ने अड्डेबाजी करने वालों के ठिकानो में दबिश देकर नशाखोरी व मारपीट कर दहशतगर्दी मचाने वाले 18 बदमाशों को पकड़ा, इन सभी से कान पकड़कर उठक बैठक कराते हुए जुलूस निकाला गया। उसके बाद प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सिरगिट्टी थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी आकास चौधरी ने थाने का चार्ज लेने के बाद क्षेत्र में नशाखोरी व गुण्डागर्दी करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने अभियान छेड़ दिया है।

24 जुलाई की रात उन्होने स्टाफ के साथ नशेड़ियों के अड्डों में दबिश देकर नशाखोरी करते हुए तीन युवकों व मारपीट कर दहशतगर्दी मचाने वाले 3 युवकों को पकड़कर क्षेत्र में जुलूस निकालकर कान पकड़कर उठन बैठक कराई गई। उसके बाद उन्हें थाने ले जाकर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। इसी तरह क्षेत्र के गुण्डा बदमाशों को थाने में तलब कर गुण्डागर्दी नहीं करने व अपराध में संलिप्त पाने पर सख्ती से कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।




### भीख मांगने की आड़ में मोबाइल नकद रकम चोरी

**बिलासपुर।** भीख मांगने की आड़ में एक मकान से मोबाइल, नकद रकम चोरी कर लिया गया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जरहाभाठा ओमनगर निवासी सुनील कुमार बाटवे 25 जुलाई की सुबह 6.45 बजे नहाकर बाथरूम से बाहर आए तो कमरे में चार्जिंग में लगा मोबाइल पर्स सहित 250 रुपए नकद, जरूरी दस्तावेज चोरी हो गई थी। सीसीटीवी कैमरे में तीन लोग भीख मांगने वाले चोरी करते नजर आ रहे है। पुलिस चोरों के पतासाजी में जुट गई है।





# होटल में इंजीनियर ने हाउस कीपर के साथ मारपीट कर मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होटल में आकर रूके एक इंजीनियर ने हाउस कीपर के साथ मारपीट कर गाली गलौज करते हुए जमकर हंगामा मचाया । पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, दैजा निवासी विकेश निर्मलकर पिता अशोक कुमार निर्मलकर सकरी स्थित होटल ग्रेंड एमराल्ड में हाउस कीपिंग का काम करता है। 25 जुलाई को सुबह 8 बजे वह होटल में काम कर रहा था। कमरा नम्बर 4020 में भोपाल निवासी साफ्ट वेयर इंजीनियर अक्षय उरकुडे अपनी पत्नी के साथ रूके थे। उनकी पत्नी डाक्टर हैं, अक्षय ने बालकनी से आवाज देकर हाउस कीपर को बुलाया। वह रूम में गया तो इंजीनियर उसके साथ मारपीट कर हथौड़ी से मारने की कोशिश करने लगा। वह उनके साथ से हथौड़ी छीनकर भागा और आफिस में जाकर सूचना दी। कुछ देर बाद इंजीनियर किचन में आकर कर्मचारियों पर चाकू फेंककर मारने लगा।



▪ युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज

दहशत से कर्मचारी होटल से निकलकर पार्किंग में आ गए। उसके बाद इंजीनियर रिसेप्शन में जाकर गाली गलौज कर हंगामा मचाने लगा। सूचना पर पुलिस होटल में जाकर इंजीनियर को पकड़कर थाने ले आई। पुलिस ने कर्मचारी विकेश की रिपोर्ट पर अक्षय उरकुडे के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 3 के तहत गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया है।

### स्पीड में बाइक चलाने से मना करने से युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** स्पीड में बाइक चलाने से मना करने पर युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला आर्दश चौक निवासी हिमेश मांडले पिता स्व. राजेश मांडले ने 24 जुलाई को दिपेश यादव को स्पीड में बाइक चलाने से मना किया था। उसी बात को लेकर 25 जुलाई को दिपेश यादव आयुष ने उसे भठ्ठा में बुलाकर जमकर मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर दोनों हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### हास्पिटल से मोबाइल सहित अन्य सामान चोरी

**बिलासपुर।** चोरों ने हास्पिटल से मोबाइल सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। सकरी पुलिस के अनुसार, रामालाइफ सिटी निवासी डा. अभिषेक करन बटालियन चौक मेंडेटल क्लीनिक चलाते है। 25 जुलाई की सुबह वे अपने क्लीनिक गए तो ताला टूटा मिला और सामान बिखरे पड़े थे। उनके क्लीनिक से मोबाइल, माईक्रोमीटर सिस्टम क्राउन रिमुवर, कीट सहित 50 हजार का सामान चोरी हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



**खबर संक्षेप**

## आइआइएसईआर की परीक्षा में अभिनव का चयन



**मुंगेली।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्र अभिनव दिवाकर डॉ. ब्रास मास्टर की एकेडमी के निःशुल्क कोचिंग से भारत के प्रतिष्ठित संस्थान आइआइएसईआर परीक्षा 2026 में सफल होने तथा जेएसी दिल्ली के प्रथम चरण काउंसलिंग में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सांइस एजूकेशन एंड रिसर्च सेंटर बरहमपुर उड़ीसा में बीएस–एमएस ड्यूल डिग्री कोर्स में चयनित होने पर विद्यालय परिवार व कोचिंग टीम के सदस्य एवं पदाधिकारी प्राचार्य, संस्थाध्यक्ष एवं व्यवस्थापक एचआर भास्कर ने बधाई तथा शुभकामनाएं दी। वे संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर एवं प्राचार्य श्रीमती आशा दिवाकर के पुत्र हैं।

## पेंड्रा के गौशाला परिसर में अग्रवाल समाज ने रोपे फलदार व औषदीय पौधे




**पेंड्रा।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वावधान में शनिवार को पेंड्रा स्थित आचार्य विद्यासागर सर्वोदय गौशाला में पर्यावरण संरक्षण और जीव दया के उद्देश्य से भव्य पौधरोपण एवं गौ-पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों, महिला मंडल एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गौशाला परिसर में पीपल, आंवला सहित विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण के बाद गौ-पूजन एवं आरती का आयोजन किया गया। समाज की ओर से गौ माता को गुड़, ताजे फल एवं हरा चारा अर्पित कर सवा मणि भोग लगाया गया। उपस्थित सदस्यों ने अपने हाथों से गौ माता को भोग खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में संरक्षक फकीर चंद अग्रवाल, राजेश गर्ग, धर्मप्रकाश सातुवाला, मनोज अग्रवाल (यादू), जिला अध्यक्ष सीताराम महलवाला, जिला महामंत्री दीपक गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष गोविन्दसहाय अग्रवाल, महिला अग्रवाल समाज पेंड्रा की अध्यक्ष संतोष अग्रवाल सहित जिला एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

## नारायणपुर के बच्चों को मिली पाठ्य सामग्री



**लोरमी।** ग्राम नारायणपुर के प्राथमिक शाला में पूना फाउंडेशन ने स्कूल-बैग, कापी, पेन पहाड़ा पेन्सिल, रबर, कटर एवं अन्य अध्ययन सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर जनपद सभापति आदित्य ध्रुव, अकत सिंह, डॉ.आरएस आयाम, सुमन खुसरो, रामेश्वर सिंह, ओमप्रकाश सिंह मनोज ध्रुव, जलाराम सिंद्राम दिनेश मरावी, लेखराम नेताम, प्रधान पाठक हुकुम सिंह, चैन सिंह पोर्ते,भंवर सिंह ध्रुव सहित पालक उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से रोपाई कर रहे 3 ग्रामीणों की मौत

**कटघोरा।** सलोरा बकरा बाजार छुरी में सब-स्टेशन के पीछे खेत में रोपाई का कार्य कर रहे तीन ग्रामीणों पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। इस हादसे में गंभीर रूप से झुलसे तीन ग्रामीणों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा लाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने परीक्षण उपरान्त तीनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरी बकरा बाजार सब-स्टेशन के पीछे स्थित खेत में लगभग 25 से 30 लोग काम में लगे हुए थे। इसी दौरान अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ा और तेज गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली सीधे खेत की मेढ़ पर आ गिरी। गाज की चपेट में आने से बहोरन पाटले निवासी बेल्हापारा, बकराबाजार सलोरा मोड़, लक्ष्मी पाटले निवासी बेल्हापारा, बकराबाजार सलोरा तथा श्यामजी साहू निवासी छुरी गंभीर रुप से झुलस गए। बिजली गिरते ही खेत में मौजूद अन्य लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से तीनों झुलसे ग्रामीणों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा ले जाया गया, लेकिन चिकित्सालय पहुँचने पर चिकित्सको ने प्राथमिक जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर कटघोरा थाना पुलिस की टीम चिकित्सालय पहुंची और मर्ग कायम कर शवों का पंचनामा तैयार किया। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी कार्यवाही और जांच में जुट गई है। एक साथ तीन ग्रामीणों की असामयिक मृत्यु से छुरी और आसपास के ग्रामो में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## 64 पौच देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**लोरमी।** ग्राम लगरा में आबकारी विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। फास्टरपुर क्षेत्र में की गई कार्रवाई के दौरान आरोपी जलहरण चंद्राकर, पिता कांशीराम चंद्राकर, निवासी ग्राम लगरा के संज्ञान एवं आधिपत्य से 64 नग पाव देशी मदिरा (कुल 11.520 लीटर) बरामद कर विधिवत जब्त की गई। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(ख), 34(2) एवं 59(क) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विवेचना उपरांत आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### दो सालों से दर्जनों नोटिस और पत्राचार के बावजूद बढ़ा दायरा

# मुंगेली में फाइलों तक सीमित अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई, धरातल पर बेअसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर में अवैध प्लाटिंग पर रोक एवं कार्रवाई फाइलों में ही चल रही है। धरातल पर इसका कोई असर नजर नही आ रहा है। अवैध प्लाटिंग पर जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए सरकारी कार्यालयों से लेकर कालोनाइजरों के चक्कर काट परेशान हो रहे है। सरकारी कार्यालयों में कार्यवाही के नाम पर नोटिस का पुलिंदा बढ़ाते जा रहे है।

दो वर्षो में दर्जनों नोटिस, पत्रचार के बाद भी यदि शहर में अवैध प्लाटिंग का दायरा बढ़ रहा है, तो यह सीधे तौर पर प्रशासनिक जवाबदेही और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। नगर पालिका परिषद मुंगेली के पिछले दो वर्षो 2024 से 2026 के आधिकारिक अभिलेखों की पड़ताल एक चौंकाने वाली तस्वीर पेश करती है। कागजों पर कार्रवाई की लंबी–चौड़ी फेहरिस्त दर्ज है। नोटिस, अंतिम चेतावनी, अवैध निर्माण ध्वस्त करने के आदेश, बिजली कनेक्शन काटने के पत्र और पुलिस बल की मांग। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या जमीनी स्तर पर वास्तव में कोई ठोस कार्रवाई हुई या पूरी प्रक्रिया केवल फाइलों तक ही सीमित रह गई? नगर पालिका की फाइलों के मुताबिक, अवैध प्लाटिंग के खिलाफ पहली बड़ी कार्रवाई 15 फरवरी 2024 को अंबेडकर वार्ड क्रमांक–13 स्थित "स्वर्ण वाटिका" परियोजना पर शुरू हुई। कालोनाइजर को 7 दिनों के भीतर प्लाटिंग रोकने, लाइसेंस और स्वीकृत लेआउट



प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया। अंतिम नोटिस 27 फरवरी 2024 को केवल 12 दिनों के भीतर जारी की गई। इस दूसरे नोटिस में राजस्व जांच का हवाला देते हुए जमीन को मूल स्वरूप में लौटाने का फरमान जारी किया गया। अन्यथा पालिका द्वारा खुद निर्माण तोड़कर खर्च वसूलने की चेतावनी दी गई। 'स्वर्ण वाटिका' पर वास्तव में क्या बुलडोजर चला? इसका सार्वजनिक रिकार्ड फाइलों से नदारद है। करीब एक साल की खामोशी के बाद 5 जनवरी 2026 को मुंगेली–पंडरिया मार्ग पर विकसित हो रही एक कालोनी के संबंध में चार लोगों को नोटिस जारी किए गए। निर्माण कार्य तुरंत रोकने, सड़कें हटाने और भूखंडों की बिक्री बंद करने का आदेश दिया गया। कार्रवाई को असरदार बनाने के लिए नगर पालिका ने संयुक्त संचालक, सीएसपीडीसीएल, एसडीएम, तहसीलदार और जिला पंजीयक कार्यालय को पत्र लिखकर बिजली कनेक्शन काटने और रजिस्ट्री पर रोक लगाने का अनुरोध किया। नगर पालिका ने 15 मई को ही सिटी कोतवाली से पर्याप्त पुलिस बल और महिला पुलिसकर्मियों की मांग की थी ताकि 16 मई को सुबह 7 बजे से अवैध निर्माण ढहाए जा सकें। लेकिन क्या उस दिन कोई बुलडोजर चला? क्या सीसी रोड तोड़ी गई या कोई गिरफ्तारी हुई? नगर पालिका के रिकाड्‌र्स इस पर पूरी तरह मौन हैं। अवैध कालोनियों का सबसे बुरा असर उन मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ता है जो अपनी जीवनभर की कमाई लगाकर जमीन खरीदते हैं। बाद में कालोनी के अवैध घोषित होने पर रजिस्ट्री, बिजली कनेक्शन और बुनियादी सुविधाओं के लिए आम नागरिक भटकते रह जाते हैं। उन्हें सुविधा नही मिल पा रही है न वे अपने जमीन पर घर बनवा पा रहे है और न ही अपनी जमीन को बेच पा रहे है।

### कार्रवाई की जा रही है

अवैध प्लाटिंग करने वाले कालोनाइजरों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। एफआईआर अभियोजन कार्रवाई करने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

**-होरी सिंह ठाकुर**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुंगेली



## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुंगेली में किया गया पौधरोपण

**मुंगेली।** पर्यावरण संरक्षण एक पेड़ मां के नाम अभियान 3.0 के तहत जिले के गीधा बाईपास मार्ग पर व्यापक पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। जिले के प्रवास पर पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा विधायक पुन्नूलाल मोहले ने मौलश्री का पौधा रोपकर अभियान की शुरुआत की और प्रदेशवासियों से अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाने तथा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार, वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, स्कूली छात्र–छात्रओं ने भी उत्साहपूर्वक पौधरोपण कर अभियान में सहभागिता निभाई।

■ डिप्टी सीएम और केंद्रीय राज्यमंत्री ने रोपे पौधे

कलेक्टर ने बताया कि अभियान के तहत अब तक 415 पौधों का रोपण किया जा चुका है। गीधा बाईपास को हरित एवं पर्यावरण अनुकूल मार्ग के रूप में विकसित करने के लिए लगभग 10 किलोमीटर क्षेत्र में चरणबद्ध पौधरोपण किया जाएगा। प्रथम चरण में करीब 2 किलोमीटर क्षेत्र में पौधे लगाए जा चुके हैं, जबकि शेष मार्ग पर भी शीघ्र पौधरोपण किया जाएगा। वनमंडलाधिकारी ने बताया कि पौधरोपण के साथ–साथ पौधों की सुरक्षा, नियमित सिंचाई और समुचित देखभाल की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि लगाए गए पौधे भविष्य में सघन हरित आवरण का रूप ले सकें।

## धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

नीट पेपर लीक मामले में दिल्ली सहित देशभर में चल रहे छात्रों के प्रदर्शन के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर पर पथरिया में कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर पंचायत चौक पर आतिशबाजी कर युवाओं एवं वरिष्ठों ने जश्न मनाया । इसके बाद नगर पंचायत कार्यालय के सामने अशोक स्तंभ में कैंडल जलाकर नीट पेपर लीक से प्रभावित होकर आत्म हत्या जैसे कदम उठाए छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इनकी रही उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश मीरी, जिला महामंत्री संपत जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत ग्वाल दास अनंत, नेता प्रतिपक्ष ओमकार यादव,पूर्व पार्षद धर्मेंद्र श्रीवास, तुलसी सोनवानी,अभिषेक यादव संतोष पाली, कुलेश्वर यादव, प्रेम राजपूत, पेंटर मानिकपुरी, रामकुमार ध्रुव, वीरेंद्र श्रीवास, राजेंद्र गेंदले, मानस राजपूत, राजा यादव, नरेश साहू, परमेश्वर निषाद, विकास निषाद, आदि लोगों उपस्थित रहे।

■ कैंडल मार्च कर दी आत्महत्या किए छात्रों को श्रद्धांजलि

## वनकर्मी को जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**कोरबा।** हाथियों के विचरण की सूचना देने पहुंचे वन कर्मियों को ग्रामीण के आक्रोश का शिकार होना पड़ा। ग्रामीण ने वन कर्मियों का रास्ता रोक लिया। उसने वन रक्षक से वन अधिकार पत्र में हस्ताक्षर नहीं करने का आरोप लगाते हुए गाली गलौच शुरू कर दी। वे वनकर्मी को गाड़ी से उतरने पर जान से मार देने की धमकी दी। किसी तरह मामला शांत होने के बाद वनकर्मी गांव से लौटे और थाना में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराया। मामला कोरबा वनमंडल के पसरखेत वन परिक्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिनों से हाथियों का झुंड कोलगा परिसर के जंगल में विचरण कर रहा था। किसी तरह की अनहोनी न हो, इसके लिए मदनपुर व कोलगा परिसर में पदस्थ वन रक्षक हरिनारायण बंजारे सहकर्मी सरोता राम बंजारे, अशोक यादव, सुरक्षा श्रमिक खगेश्वर राठिया के साथ क्षेत्र में हाथियों के विचरण संबंधी सूचना तराईमारडीह पहुंचे। वे ग्रामीणों को समझाईश दे रहे थे। इसी बीच गांव में रहने वाला पतिराम राठिया ने उनका रास्ता रोक लिया।

## छत के रास्ते घुसे चोर, एक साथ दो घरों से लाखों के गहने-नगदी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

शहर के रेस्ट हाउस क्षेत्र वार्ड क्रमांक-2 में गुरुवार रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। चोरों ने छत का दरवाजा खोलकर घरों में प्रवेश किया और अलमारी का लाकर तोड़कर लाखों रुपये के गहनों और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

■ गौरेला में चोरी से दहशत, पुलिस जांच में जुटी

वार्ड क्रमांक-2 निवासी पार्वती नामदेव के घर देर रात अज्ञात चोर छत के रास्ते अंदर दाखिल हुए। घर में सभी लोग गहरी नींद में थे। चोरों ने अलमारी के ताले तोड़कर कीमती सामान समेटा और फरार हो गए। चोर पार्वती नामदेव के घर से सोने का झुमका, सोने की नाक कील 4 नग, चाँदी की करधन, पायल, बिछिया, सिक्के सहित अन्य सामग्री लेकर भाग गए। सुबह परिजनों ने अलमारी खुली और सामान बिखरा देखा तो चोरी का पता चला। पीड़िता ने बताया कि चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपये है। वहीं पड़ोसी अशोक नामदेव के घर में भी चोरों ने चोरी की। यहां से भी चोर गहने,



मंगलसूत्र, चाँदी के गहने और नगदी 3000 रुपए लेकर फरार हो गए।

घटना के बाद ली गई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि चोरों ने छत के दरवाजे का कुंदा तोड़कर घर में प्रवेश किया था। वहीं घर के अंदर रखी अलमारी का लाकर भी तोड़ा गया है, जिसमें से सोने-चांदी के गहने गायब हैं। अलमारी के अंदर कपड़े और सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस घर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा

गौरेला थाना प्रभारी सनीप रात्रे ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध शिकायत प्राप्त हुआ है। चोरों की पतासाजी की जा रही है! जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### लोगों में आक्रोश

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से रेस्ट हाउस वार्ड के लोग दहशत में हैं। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और गश्त दल को सक्रिय करने की मांग की।

## कोल पिच कार्बन फैक्ट्री में विस्फोट के साथ लगी आग, मजदूरों ने भाग कर बचाई जान



**कोरबा।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित वेस्टर्न इलेक्ट्रोड कार्बन फैक्ट्री में शनिवार को हुए जोरदार धमाके के बाद भीषण आग लग गई। विस्फोट इतना तेज था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। कुछ ही मिनटों में आग ने फैक्ट्री के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के दौरान फैक्ट्री में मजदूर काम कर रहे थे जिन्हें तत्काल उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। आसमान में उठती आग की ऊंची लपटें और काले धुएं का घना गुबार कई किलोमीटर दूर से दिखाई देने लगा, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। फैक्ट्री में लगी आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्ट्री परिसर में खड़ी एक ट्रक भी उसकी चपेट में आ गई। इससे आग ने और विकराल रूप धारण कर लिया। हादसे के वक्त वेस्टर्न इलेक्ट्रोड कार्बन फैक्ट्री के भीतर लगभग 30 से 40 मजदूर काम कर रहे थे। बॉयलर में जोरदार धमाका होते ही वहां अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया था। गनीमत रही कि काम कर रहे मजदूरों ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत भागकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही पुलिस, नगर निगम, सीएसईबी और अन्य विभागों की दमकल टीमें मौके पर पहुंची।

## मुकेश की यादें कार्यक्रम में कलाकारों ने पेश किए सदाबहार नगमे




**पेंड्रा।** जिला संगीत एवं कला संरक्षण मंच, जीपीएम के तत्वावधान में हिंदी सिनेमा के महान पार्श्व गायक स्वर्गीय मुकेश चंद माथुर की 103वीं जयंती पर पेंड्रा के असेंबली हॉल में मुकेश की यादें संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। करीब छह घंटे तक चले इस कार्यक्रम में जीपीएम जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से आए प्रतिभाशाली गायक-गायिकाओं ने स्वर्गीय मुकेश के लोकप्रिय एकल एवं युगल गीत प्रस्तुत कर उन्हें स्वरांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन अंबुज मिश्रा ने किया, जबकि संपूर्ण आयोजन जिला कोषाध्यक्ष आदित्य पांडे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में निर्माण जायसवाल, विनय सूर्यवंशी, प्रशांत कुशवाहा, मदन सोनी, प्रतीक गुप्ता, मोनू गुप्ता, अंबुज मिश्रा, मोक्ष मिश्रा, जगतराम चौहान, पंकज मिश्रा, समीर खान, अजीत दुबे, संतोष कुमार, प्रमोद शर्मा, नरेश सारथी और मास्टर नदीम ने गीतों की प्रस्तुति दी। वहीं पूजा केशरवानी, शैल गुप्ता, स्नेहलता राजपूत, ममता सिंह, सोनिया सोनी, सोनिया रोहिणी, मानवी मिश्रा, इच्छा जायसवाल, वैष्णवी सोनी और वैष्णवी केवट ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## 40 वर्षो की सेवा के बाद फत्तेराम दूजे सिंह को दी विदाई



**लोरमी।** शासकीय सेवा से फत्तेराम कश्यप की 40 वर्षों के बाद रिटायरमेन्ट एवँ दूजे सिंह ध्रुव चपरासी पद से सेवानिवृत्त होने पर संस्था ने विदाई दी। अपने अनुभव साझा करते हुए प्रधानपाठक फत्तेराम ने कहा कि 1986 में पैदल जाकर 17 किलोमीटर पढ़ाई करते थे। इस अवसर पर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य कुंती उदय जायसवाल, जनपद सभापति विद्यानंद चंद्राकर, मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी एल पी डाहीरे, सुनील शर्मा, प्राचार्य परमेश्वर खांडेकर, पन्नालाल कश्यप, मेलाराम कश्यप, डीआर कश्यप, डीडी वैष्णव, डीआर ध्रुव, नाथूराम कश्यप, जीवन कश्यप, नोहर लाल कश्यप,हीरा साहू, संतोष कश्यप, सरपंच नरेंद्र ध्रुव, छत्तू पटेल,अरुण साहू, दरबारी यादव, लीलाराम कश्यप, महेश कश्यप, प्रदीप कश्यप ,चंद्रकुमारी कश्यप,मुकेश आकांक्षा, नीता सुखनंदन, रजनी धर्मेंद्र, संजू उपेश, टेकलाल, माधव, कामेश्वर, रमाशंकर, निर्मल, भारती, प्रीति पोर्ते, चंचला, माया कश्यप, कौशल्या ध्रुव, विकास पांडेय, उमाशंकर सिंह, आत्माराम कश्यप, राकेश पांडेय, जलेश साहू, गजेंद्र साहू, रविन्द्र वैष्णव, जलेश्वर सबने मिलकर प्रधानपाठक को गाजे बाजे के साथ भावपूर्ण विदाई की।

### मनोनीत एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह

# एल्डरमैन का अनुभव नगर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा:मरपच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

नगर पालिका परिषद गौरेला-पेंड्रा के मनोनीत पार्षदों (एल्डरमैन) का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विक्रांत अंचल ने मनोनीत पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची एवं अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष लाल जी यादव ने की।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पेकरा, नगर पालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे, नगर पालिका परिषद पेंड्रा के उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, जिला पंचायत




उपाध्यक्ष उपेन्द्र बहादुर सिंह, गौरेला नगरपालिका उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अरुणा जायसवाल, राकेश चतुर्वेदी, गौरेला से पार्षद राजेश अग्रवाल, अरुणा चक्रधारी, मनोज विश्वकर्मा, निलेश साहू, अंकुर विश्वकर्मा, सुरेश उइके, अविनाश टुडू, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समारोह में गौरेला के मनोनीत पार्षद रामप्रकाश सिंह, मथुरा सोनी, सुदामा चकरधारी, ममता मार्को, बब्बू रोहणी एवं पेंड्रा नगर पालिका के मनोनीत पार्षद में भूधर सोनी, डॉ. प्रवीण राय, अरुण तिवारी, रामबहादुर सिंह एवं श्रीमती दुर्गी कोल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रणव मरपच्ची ने कहा कि मनोनीत पार्षदों का अनुभव नगर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने सभी एल्डरमैन से जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करते हुए नगर के विकास, स्वच्छता, सुशासन एवं नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी नवनियुक्त पार्षदों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## सीईओ ने लिया निर्माण कार्यो का जायजा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

**लोरमी।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने जनपद पंचायत लोरमी में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), वीबीजी-राम-जी तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों की प्रगति का मैदानी निरीक्षण कर अधिकारियों को लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुँचना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने ग्राम पंचायत अमलीडीह में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को सभी आवासों का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम पंचायत बोड़तरा में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्थापित बायोगैस प्लांट का निरीक्षण किया। प्लांट के संचालन, रखरखाव एवं उपयोगिता का जायजा लेते हुए उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित संचालन सुनिश्चित करने तथा ग्रामीणों को इसका अधिकतम लाभ दिलाने के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत सीईओ सुरेश कुमार कवंर तथा संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।